• जयपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 171 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 धरातल पर दिखना शुरू हो गया है पहले जेसीबी से समतल किया फिर डंपिंग यार्ड ...

पेज @4 सूर्य किरण एरोबैटिक टीम एवं सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने युवाओं...

पेज @8 सहारनपुर: सीसीटीवी के सख्त पहरे में बोर्ड परीक्षा, डीएम-एसएसपी ने...

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बोले पीएम मोदी

# एआई का सकारात्मक इस्तेमाल वरदान लेकिन दुरूपयोग विनाश का कारण बन सकता है

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई को समूची मानवता के इतिहास में बदलाव की बड़ी क्रांति और सकारात्मक शक्ति बताते हुए कहा है कि इसका सकारात्मक और जिम्मेदाराना इस्तेमाल मानवता की भलाई के लिए वरदान है लेकिन इसका दुरूपयोग विनाश का कारण बन सकता है। उन्होंने एआई के बारे में भारत का दृष्टिकोण 'मानव' भी प्रस्तुत किया जो इसके नैतिक, जवाबदेह , संप्रभु और कानूनी स्वरूप की रूपरेखा का उल्लेख करता है। उन्होंने कहा कि भारत का यह विजन 21 वीं सदी में मानवता के कल्याण की अहम कड़ी बनेगा। मोदी ने गुरुको यहां 'इंडिया एआई इम्पैक्ट 'सम्मेलन में दुनिया भर के प्रमुख एआई विशेषज्ञों , अनेक देशों के राष्ट्रध्यक्षों , संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव इतिहास में कुछ सदी के बाद निर्णायक मोड़ आता है जो सभ्यता की दिशा तय करता है, जिससे सोचने का दृष्टिकोण बदलता है।

उन्होंने कहा कि शुरू में उसके प्रभाव का अंदाजा भी नहीं होता लेकिन बाद में यही सभ्यता का आधार बनता है। उन्होंने प्राचीन इतिहास के कई पड़ावों का उदाहरण देते हुए कहा कि ए आई मानव इतिहास में बदलाव की क्रांति है इससे मशीनों को बुद्धिमान बनाकर मानव सामर्थ्य को बढाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन पड़ावों की बात करें तो अंतर इतना है कि इस बार बदलाव की तेजी तथा इसका पैमाना अप्रत्याशित है।



## एआई में रणनीतिक स्वायत्ता पर मैक्रों का जोर

## अमेरिका-चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहते भारत और फ्रांस

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि भारत और फ्रांस अमेरिका या चीन के एआई मॉडल पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहते। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के साथ-साथ पूरे यूरोप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने का साझा संकल्प है। मैक्रों ने जोर देकर कहा, मैं सच में मानता हूं कि भारत, फ्रांस और यूरोप में हमारा एक ही जुनून है कि हम अमेरिका या चीन के किसी एक मॉडल पर पूरी तरह निर्भर नहीं होना चाहते। हमें एक व्यापक और संतुलित मॉडल चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में एआई की दौड़ तेज हो चुकी है और कुछ बड़े वैश्विक खिलाड़ी बाजार पर हावी हैं।




### एआई में आत्मनिर्भरता के लिए स्पष्ट रोडमैप

मैक्रों ने एआई के क्षेत्र में स्वतंत्रता हासिल करने के लिए मजबूत आधार तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे पास पर्याप्त डेटा सेंटर और कंप्यूटिंग क्षमता हो। हमें अपने देशों में प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करना होगा। यह साफ तौर पर कंप्यूटिंग क्षमता, प्रतिभा और पूंजी का सवाल है। उन्होंने स्वीकार किया कि एआई की वैश्विक दौड़ में अमेरिका और चीन फिलहाल आगे हैं, जबकि भारत और फ्रांस पीछे हैं। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों देशों के पास मजबूत संसाधन और क्षमता मौजूद है। मैक्रों ने कहा, हम अमेरिका और चीन से पीछे हैं, लेकिन हम इस रेस में हैं। हमारे पास कई अहम एसेट्स हैं और हम प्रतिस्पर्धा में बने हुए हैं।

## एआई इम्पैक्ट समिट में भाषण नहीं देंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली/एजेंसी।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में स्पीच नहीं देंगे। गुरुवार को गेट्स फाउंडेशन ने यह जानकारी दी। गेट्स फाउंडेशन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि बिल गेट्स की जगह समिट में उनके अफ्रीका और भारत कार्यालय के अध्यक्ष अंकुर वोरा अपना भाषण देंगे।



फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, गहन विचार-विमर्श के बाद और एआई समिट की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित बनाए रखने के उद्देश्य से गेट्स अपना मुख्य भाषण (कीनोट संबोधन) नहीं देंगे। गेट्स फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व अफ्रीका और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा करेंगे, जो गुरुवार को बाद में समिट में संबोधित करेंगे।

भारत में अपनी जारी पहलों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए गेट्स फाउंडेशन ने लिखा, हम साझा स्वास्थ्य और विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए भारत में हमारे काम के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। गेट्स फाउंडेशन का यह बयान एपस्टीन फाइलों में कथित तौर पर उनका नाम शामिल होने के बाद हुए विवाद के बीच आया। यह स्पष्टीकरण कई दिनों की अटकलों और अनिश्चितता के बाद आया, जब छह दिवसीय समिट के आधिकारिक प्रमुख प्रतिभागियों की सूची में गेट्स का नाम शामिल नहीं था, जिससे उनकी भागीदारी को लेकर सवाल उठे थे।

'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग करने के लिए सहयोगात्मक रणनीतियां तैयार करना है, साथ ही नवाचार, जिम्मेदार शासन और सीमा-पार साझेदारियों को बढ़ावा देना है।

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वपूर्ण पहल

## अनावश्यक अनुपालन और विनियमों को राज्य सरकार चरणबद्ध रूप से करेगी कम

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर, 19 फरवरी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए व्यवसायों और आमजन को गैर जरूरी अनुपालन एवं विनियमों से राहत देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार भू उपयोग, भवन और निर्माण, श्रम, व्यवसायों के लिए लाइसेंस प्रक्रिया और जन उपयोगिता सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चरणबद्धरूप से नियमों और प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने जा रही है। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास के निर्देशन में इससे संबंधित कार्य योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है।



इस कार्य योजना के अनुसार चुनिंदा श्रेणियों में उचित भूमि उपयोग के लिए भू-रूपांतरण आवश्यकताओं को समाप्त कर प्रक्रियात्मक देरी कम करने के लिए आंध्र प्रदेश में लागू की गई प्रणाली का अध्ययन किया जाएगा। जब तक निषिद्ध न हो तब तक सभी गतिविधियों की अनुमति के सिद्धांत पर मिश्रित भूमि-उपयोग विकास को स्वतः अनुमत करने के लिए बिल्डिग बायलॉज और मास्टर प्लान में आवश्यक संशोधन पर विचार किया जा रहा है। वहीं, सहूलियत के लिए जोन-वार निषिद्ध सूचियां भी स्पष्ट रूप से परिभाषित की जाएंगी।

कार्य योजना के अंतर्गत औद्योगिक क्लस्टर्स में खाली पड़ी भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु औद्योगिक क्षेत्र भूमि आवंटन नीति को उदार बनाने, औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों को सस्ते आवास उपलब्ध कराने तथा अपशिष्ट उपचार और फायर सेफ्टी सिस्टम जैसे आधारभूत ढांचे के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। ऊंचाई संबंधी प्रतिबंधों और सेटबैक संबंधी प्रावधानों को तर्कसंगत बनाते हुए फायर सेफ्टी से जुड़ी ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस को अपनाने के लिए बिल्डिग बायलॉज और फायर सेफ्टी नियमों में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे।

निवेशकों को भवन और निर्माण से जुड़ी सभी अनापत्तियां जारी करने, औद्योगिक क्लस्टर्स से संबंधित सभी अप्रूवल देने और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी लाइसेंस जारी करने के लिए सिंगल प्वाइंट कॉन्टैक्ट के रूप में नोडल एजेंसियां नियुक्त करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए वर्किंग ग्रुप बना कर विभिन्न राज्यों में अपनाए गए मॉडल्स का अध्ययन किया जाएगा। इसी प्रकार, व्यवसायों के लिए जरूरी लाइसेंस का सूचीकरण किया जाएगा, ताकि एक ही अनुपालना के लिए दोहरे लाइसेंस की जरूरत समाप्त की जा सके। इसके लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग की अध्यक्षता में ऊर्जा, नगरीय विकास, एलएसजी, श्रम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित विभिन्न विभागों के सचिवों का एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाएगा।

दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए सूचना के आधार पर डीम्ड लाइसेंसिंग के माध्यम से आजीवन पंजीकरण की अनुमति देने और ऐसे सभी प्रतिष्ठानों के लिए 24×7 संचालन की अनुमति देने पर भी सरकार विचार कर रही है। वजन एवं माप उपकरणों के लिए लाइसेंस सरलीकरण की भी तैयारी है ताकि मैन्युफैक्चरर और डीलर को बिना सरकारी निरीक्षण के स्वघोषणा के आधार पर स्वतः अनुमोदन मिल सके। वहीं, कम जोखिम वाली श्रेणियों में फील्ड निरीक्षण की अनिवार्यता को हटाकर स्वघोषणा के आधार पर विभिन्न विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा बिजली कनेक्शन जारी करने का प्रावधान भी कार्ययोजना में शामिल है।

औद्योगिक निवेश को गति देने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने, परियोजनाओं के शुरू होने में लगने वाले वास्तविक समय को कम करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को मजबूत बनाया जाएगा। साथ ही, एमएसएमई के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र में स्थापित सभी टेस्टिंग सुविधाओं की एकीकृत राज्य-स्तरीय डायरेक्टरी बनाई जाएगी। विधि विभाग के स्तर पर सेक्टरवार सभी राज्य कानूनों, नियमों, विनियमों और सरकारी आदेशों की एक केंद्रीकृत डिजिटल रिपॉजिटरी बनाई जाएगी।

इन सभी अनुपालन और विनियम बदलावों के कार्यान्वयन को आसानी से एक ही बार में लागू करने के लिए कार्ययोजना अनुसार मिले सुझावों को शामिल करते हुए भारत सरकार से प्राप्त ड्राफ्ट के आधार पर एक विधेयक तैयार कर अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष भी दंड के स्थान पर न्याय एवं विश्वास आधारित विनियमन को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान जन विश्वास (उपबन्धों का संशोधन) लाया गया है। इसी कड़ी में, सुशासन व जन सहभागिता में वृद्धि किये जाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार के रूप में राजस्थान जन विश्वास अधिनियम 2.0 लाए जाने की घोषणा राज्य बजट 2026-27 में की गई है।

## राहुल गांधी समेत 25 कांग्रेसी सांसदों को गोली मारने की धमकी

### पुलिस ने आरोपी को कोटा से हिरासत में लिया



**नई दिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और 25 कांग्रेसी सांसदों को गोली मारने की धमकी देने वाला वीडियो अपलोड करने वाले एक आदमी के राजस्थान पुलिस ने कोटा से हिरासत में लिया है।

पुलिस के मुताबिक, वीडियो में खुद को राज सिंह बताने वाला आदमी करणी सेना का प्रवक्ता है और उसने हाल ही में लोकसभा में हुई एक घटना को लेकर भी धमकियां दी थीं।

करणी सेना के कार्यकर्ता, संसद के हाल ही में खत्म हुए बजट सेशन के पहले हिस्से के दौराव 25 कांग्रेसी सांसदों द्वारा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के साथ की कई गाली-गलौज से नाराज थे।

कथित वीडियो में राज सिंह ने चेतावनी दी कि अगर ऐसी घटना दोबारा हुई तो वो सांसदों के घरों में घुसकर तोड़-फोड़ करेंगे। उन्हेंने सीधे राहुल गांधी को धमकी देते हुए कहा, अगर ऐसी घटना दोबारा हुई, तो हम उन सांसदों के घरों में घुसकर तोड़-फोड़ करेंगे। मेरा मानना है कि यह घटना राहुल गांधी के आदेश पर हुई है। राहुल गांधी, ध्यान से सुन लो, अगर ऐसी घटना दोबारा हुई, हम तुम्हें तुम्हारे घर में घुसकर गोली मार देंगे।

न्यूज़ अपडेट

## अमरावती: भीषण सड़क हादसा, बस-ऑटो की टक्कर में छात्रा समेत 6 की दर्दनाक मौत

**अमरावती/एजेंसी।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में बुधवार दोपहर एक रूह कंपा देने वाली दुर्घटना सामने आई है। तेज रफ्तार के कहर ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। वहीं, उत्तर प्रदेश के नोएडा में भी एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति ने अपनी जान गंवा दी है।

महाराष्ट्र के अमरावती जिले के वरूड - आष्टी मार्ग पर स्थित राजुरा बाजार इलाके में यह भीषण हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार से आ रही एक शिवाई बस ने सामने से आ रहे ऑटो को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि ऑटो के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में ऑटो में सवार 6 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, अमरावती हादसे में जान गंवाने वालों में सातवीं कक्षा की एक छात्रा भी शामिल है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल हादसे के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है और पुलिस बस चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

## नोएडा के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, सीबीएसई परीक्षा के दौरान मचा हड़कंप

**नोएडा/एजेंसी।** नोएडा में उस समय हड़कंप मच गया, जब शहर के एक दर्जन से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए। यह धमकी ऐसे समय में दी गई, जब स्कूलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षा के दौरान आई इस धमकी ने छात्रों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार सुबह कई निजी स्कूलों के आधिकारिक ईमेल आईडी पर धमकी भरे संदेश भेजे गए। ईमेल में स्कूल परिसरों को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन ने तत्काल स्थानीय पुलिस और प्रशासन को इसकी जानकारी दी। एहतियात के तौर पर कुछ स्कूलों में छात्रों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, जबकि कई जगहों पर परीक्षा प्रक्रिया को सुरक्षा घेरे में जारी रखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस, सुरक्षा बल, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते मौके पर पहुंच गए। स्कूल परिसरों की सघन चेकिंग की जा रही है। हर कोने की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु की पुष्टि की जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल किसी भी स्कूल से विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जांच पूरी होने तक सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस साइबर सेल की टीम भी धमकी भरे ईमेल की जांच में जुट गई है। ईमेल किस आईडी से भेजा गया, उसका सर्वर और लोकेशन क्या है, इसकी तकनीकी पड़ताल की जा रही है।

## तेज रफ्तार कार नहर में गिरी, शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों की मौत

**मथुरा/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। नगला देविया मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार में सवार सभी युवक एक शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकाला गया। इससे पहले ग्रामीणों ने युवकों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।

मथुरा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद रावत ने बताया कि रात करीब 9 बजे चार युवक कार से जा रहे थे। संभवतः वाहन तेज रफ्तार में था और चालक मोड़ को देख नहीं सका। कार पहले एक सीमेंटेड टंकी से टकराई, जिससे टंकी टूट गई और वाहन पलट गया। वहां मौजूद 5-6 मीटर गहरे नाले में कार गिर गई।

एसपी के अनुसार, ग्रामीणों ने तुरंत कार सवारों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और ट्रैफिक टीम क्रेन के साथ मौके पर पहुंची।

संपादकीय

# भारत का स्कोर मध्यम स्तर पर

भारत की ताकत फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और आईटी सेवाओं में है, जो उच्च जटिलता वाले क्षेत्रों में आते हैं। लेकिन कृषि और प्राथमिक वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी आर्थिक जटिलता सूचकांक पर भारत के ऊपर जाने में रुकावट है।

जो देश मैनुफैक्चरिंग की विविधापूर्ण एवं बारीक क्षमताएं विकसित करते हैं, उनका तेजी से विकास होता है। ये निष्कर्ष हार्वर्ड ग्रोथ लैब का है। अमेरिका के मशहूर हार्वर्ड केनेडी स्कूल से संबंधित ये अध्ययन केंद्र ने विभिन्न देशों की उत्पादक क्षमता को मापते हुए आर्थिक जटिलता सूचकांक (ईसीआई) तैयार करता है। उसका दावा है कि इस पैमाने से विकास की रफ्तार का किसी अन्य पैमाने की तुलना में अधिक सटीक अनुमान लगाया जा सकता है। लैब अपने सूचकांक के आधार पर इस नतीजे पर है कि अगले दशक में प्रति व्यक्ति आर्थिक वृद्धि का अग्रणी देश वियतनाम होगा।

यानी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका चीन इस मामले में वियतनाम से पीछे रहेगा। संस्था का निष्कर्ष है कि अगले दस साल तक वैश्विक ग्रोथ का नेतृत्व पूर्वी एशिया के हाथ में बना रहेगा। ईसीआई पर जापान पहले, ताइवान दूसरे, दक्षिण कोरिया चौथे और सिंगापुर पांचवें नंबर पर आया है। गुजरे पांच साल में तीन अंकों की उछाल हासिल करते हुए चीन अब टॉप 10 में पहुंच गया है, जबकि अमेरिका गिर कर 20वें स्थान पर चला गया है। 145 देशों की इस सूची में भारत को 41वें स्थान पर रखा गया है। विश्लेषकों के मुताबिक भारत का स्कोर मध्यम स्तर पर है, जो यह दिखाता है कि भारत की उत्पादन संरचना विविध तो है, लेकिन उच्च–तकनीक और जटिल उत्पादों में पर्याप्त विस्तार का अभाव है।

इस सूचकांक में भारत को ऊपर चढना है, तो उसे उच्च मूल्य वाले और तकनीकी रूप से परिष्कृत वस्तुओं के उत्पादन की क्षमता विकसित करनी होगी। भारत की ताकत फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और आईटी सेवाओं में है, जो उच्च जटिलता वाले क्षेत्रों में आते हैं। लेकिन कृषि और प्राथमिक वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी ईसीआई पर भारत के ऊपर जाने में रुकावट है। ईसीआई में मुख्य ध्यान ज्ञान एवं उच्च उत्पादन क्षमताओं पर केंद्रित है। इन्हें किसी देश में उत्पादक ढांचे के विकास का सबसे अहम हिस्सा माना गया है। ये रिपोर्ट एक आईना है, जिससे पता चलता है कि दुनिया विकास कथाओं को किन कसौटियों पर देख रही है। भारतवासियों को इसमें अपना चेहरा जरूर देखना चाहिए।

## एक सौ करोड़ हिंदुओं का रक्षक डरा हुआ!

● हरिशंकर व्यास

कितनी गजब बात है। क्या दुनिया के किसी देश, किसी संसद में ऐसा हुआ जो पहली बात सदन के नेता को स्पीकर बोले कि आपको भाषण नहीं देना है। और प्रधानमंत्री डर कर राष्ट्रपति अभिभाषण का भी धन्यवाद न करे! इससे भी बड़ा वैश्विक रिकॉर्ड तो देश का प्रधानमंत्री चंद महिला सांसदों के शोर, उनके घेरने को अपने जीवन पर खतरा माने? राहुल गांधी से आंखे मिलाकर अपने समय के ही सेनापति की पुस्तक को लेने से घबराए!

और इससे भी अधिक शर्मनाक की राज्यसभा में विपक्ष की खाली बेंचों के आगे प्रधानमंत्री दहाड़े। राहुल गांधी के खानदान के कोसे, उन्हें गांधी के नाम का चोर बताए। अपने समर्थकों की गली में दहाडना और विपक्ष से भरी गली से दुबकना, भागना तो वैश्विक ताकत याकि चीन के शी जिनपिंग और अमेरिका के ट्रंप के आगे या तो घिग्घी बंधना, जबरदस्ती गले लगना या मौन रहना, अपमान सहना!

ओह! हिंदू राष्ट्र। भला क्यों 140 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री और एक सौ करोड़ हिंदुओं का रक्षक इतना डरा हुआ! फिर भी नगाड़ा मैं देश और हिंदुओं का रक्षक। मुझे ही विश्वास नही हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार फरवरी को लोकसभा में इसलिए भाषण नहीं दिया क्योंकि उनको लग रहा था कि कुछ अप्रत्याशित घटित हो सकता है। और अपने मुंह से सीधा नहीं बोला। स्पीकर ने बोला कि उन्हें जो जानकारी मिली थी उस आधार पर उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वे चार फरवरी को शाम पांच बजे लोकसभा में भाषण देने नहीं आएं। सो, प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया और उनके भाषण के बगैर, उनकी गैरहाजिरी में लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण का धन्यवाद प्रस्ताव पास हुआ। भारत का नया रिकॉर्ड बना।

सवाल है क्या स्पीकर को ऐसी सूचना मिली कि महिला सांसद या विपक्ष के दूसरे सांसद प्रधानमंत्री पर हमला कर सकते हैं? आखिर क्या अप्रत्याशित घट सकता था? इसकी निश्चित रूप से जांच होनी चाहिए। आखिर विपक्ष के चुने गए सांसदों पर बहुत गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। अगर इसमें सचाई है तो जांच करके कार्रवाई करनी चाहिए नहीं तो यह माना जाएगा कि सरकार विपक्ष के सांसदों की साख खराब करने की कोशिश कर रही है।

सोचें, अगर प्रधानमंत्री भाषण देने आ जाते और उनको भाषण देने से रोक दिया जाता तो क्या हो जाता? जैसे राहुल गांधी 46 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे और नहीं बोल पाए वैसे प्रधानमंत्री भी नहीं बोल पाते। लेकिन वे लोकसभा में जाकर सदन का सामना करते तो उनकी 56 इंच की छाती प्रमाणित होती।

# शंकराचार्य के साथ ऐसा बरताव

**अजीत द्विवेदी**




यह संयोग नहीं है कि करीब तीन साल तक आधा दर्जन से ज्यादा पिछड़ी जाति के नेताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की चर्चा करने के बाद भाजपा ने अगड़ी जाति के नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और उसके बाद यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव खत्म करने के नाम पर ऐसा नियम पेश किया, जिसके खिलाफ पूरा सवर्ण समाज आंदोलित हुआ। यह भी संयोग नहीं है कि एक शंकराचार्य को माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन स्नान से रोका गया और 11 दिन के अनशन के बाद भी किसी ने अनशन समाप्त कराने का प्रयास नहीं किया। उलटे शंकराचार्य की साख बिगाडने् और उनके पट्टाभिषेक को विवादित साबित करने वाले काम हुए।

शंकराचार्य को मेला प्रशासन ने नोटिस देकर उनकी पदवी के बारे में सफाई मांगी और दूसरी नोटिस में उनको धमकाया कि जमीनें ले ली जाएंगी और सुविधाएं छीन ली जाएंगी। हिंदुत्व की राजनीति करने वाली पार्टी अगर हिंदू धर्म की धार्मिक व आध्यात्मिक परंपरा के शिखर पर बैठे चार में से एक शंकराचार्य को धमकी दे रही है तो वह अनायास नहीं हो सकता है।

संभव है कि ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ रविवार, 18 जनवरी को जो घटना हुई वह अचानक हो गई हो। वे पालकी से स्नान के लिए जा रहे थे और भीड़ बहुत होने की वजह से उनको रोका गया हो। लेकिन उसके बाद जो कुछ भी हो रहा है वह एक राजनीतिक योजना का हिस्सा प्रतीत होता है। ऐसा लग रहा है कि शंकराचार्य से पुरानी बातों और उनके बयानों का बदला लिया जा रहा है और उस पद के महत्व को हमेशा के लिए समाप्त किया जा रहा है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अक्सर विवादित बयान देते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनके विवादित बयानों से अछूते नहीं रहे हैं। उन्होंने पिछले साल प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ और लोगों की मौत को लेकर राज्य की योगी आदित्यनाथ की सरकार को भी कठघरे में खड़ा किया था।

ध्यान रहे भारत में शंकराचार्य का पद कभी भी ईसाई धर्म के वेटिकन के पोप की तरह या इस्लाम धर्म के मौलानाओं, शाही इमामों या खलिफाओं की तरह नहीं रहा है। वे हिंदू धर्म के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं जारी करते हैं और उनके प्रति सम्मान का भाव रखने वाला हिंदू समाज भी उनके हिसाब से अपना जीवन चलाने के लिए बाध्य नहीं होता है। वे सनातन की आध्यात्मिक परंपरा के सर्वोच्च प्रतिनिधि होते हैं। आदि शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत का जो सिद्धांत दिया वे उसका प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत के एक राष्ट्र राज्य के तौर पर उभरने से पहले शंकराचार्य द्वारा निर्धारित की गई भौगोलिक सीमा के चारों कोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस लिहाज से उनका अपना महत्व है।

शंकराचार्यों की बातों को हिंदू जीवन पद्धति में हस्तक्षेप के तौर पर कभी नहीं देखा गया लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ शंकराचार्यों और अन्य धर्मगुरुओं या कथावाचकों का राजनीति में हस्तक्षेप बढ़ा है। अपने समर्थकों या प्रशंसकों की संख्या बढ़ाने के लिए वे लोकप्रिय भावना के अनुरूप बयानबाजी करने लगे। इसमें कथावाचक और धर्म को कारोबार बनाने वालों ने तो सहज रूप से सबसे शक्तिशाली दल और सरकार के समर्थन में बोलना शुरू कर दिया लेकिन आध्यात्मिक परंपरा का पालन करने वाले शंकराचार्यों ने ऐसा नहीं किया।

तभी जब सौंदर्यीकरण के नाम पर मंदिर तोड़े गए तो स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की तुलना औरंगजेब से कर दी या जब अयोध्या में राममंदिर संपूर्ण नहीं हुआ था, उसका शिखर नहीं बना था, उस पर ध्वजा नहीं फहराई गई थी तो चारों शंकराचार्य उसके उद्घाटन में शामिल होने नहीं गए। हो सकता है कि इससे राजसत्ता में नाराजगी हुई हो। राजसत्ता ने धर्मसत्ता को अपने लिए चुनौती की तरह देखा हो और अविमुक्तेश्वरानंद के पुराने राजनीतिक बयानों को आधार बना कर उनके बहाने शंकराचार्य की समूची व्यवस्था की साख बिगाडने् और उसका महत्व कम करने का प्रयास किया जा रहा हो।

यह भी हो सकता है कि प्रयागराज में माघ मेले में हुई घटना के बहाने सबक देने की कोशिश हुई हो ताकि आगे यह सुनिश्चित किया जा सके कि धर्मसत्ता कभी भी राजसत्ता का विरोध न करे। शंकराचार्य इस बात को समझ रहे हैं तभी धीरे धीरे बाकी तीन शंकराचार्यों, द्वारिका की शारदा पीठ के सदानंद जी महाराज, पुरी की गोवर्धन पीठ के स्वामी निश्चलानंद जी महाराजा और शृंगेरी पीठ के स्वामी भारती तीर्थ जी महाराज ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का समर्थन किया है। पहले अगर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पट्टाभिषेक को लेकर कुछ संशय था तो उसे दरकिनार करके तीनों शंकराचार्य उनके समर्थन में उतरें हैं।

ध्यान रहे शंकराचार्य का चयन शंकराचार्य ही करते हैं। उसके बाद ज्यादा से ज्यादा यह होता है कि बाकी शंकराचार्य उसका समर्थन करें। इस लिहाज से अविमुक्तेश्वरानंद की नियुक्ति विवादित नहीं होनी चाहिए थी क्योंकि उनके गुरू और शारदा पीठ व ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने उनकी नियुक्ति की थी। ज्योतिषपीठ विवाद में इसलिए फंसा क्योंकि स्वरूपानंद सरस्वती दो पीठों के शंकराचार्य थे। सवाल उठाया गया कि एक व्यक्ति दो पीठ का शंकराचार्य नहीं हो सकता है। इसी तरह से यह भी परंपरा है कि कोई भी पीठ खाली नहीं रहेगी। सो, अगर अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य नहीं माना जाए तो क्या तीन साल से ज्यादा समय से ज्योतिषपीठ खाली है?

बहरहाल, सरकार को इन तमाम बातों की जानकारी है। इसके बावजूद शंकराचार्य से जुड़े विवाद को बढने् दिया गया और उनको ससम्मान स्नान करा कर विदा करने और विवाद समाप्त करने की बजाय उनको धमकाया गया। सोचें, जो सरकार या जो पार्टी हत्या और बलात्कार के दोषी ठहराए गए या आरोपी बनाए गए कथावाचकों व कथित संतों को समस्त सुविधाएं देती हो वह एक शंकराचार्य के साथ ऐसा बरताव करे तो क्या इसे सामान्य घटना मान सकते हैं? असल में देश हजारों की संख्या में जो कथावाचक पैदा हुए हैं या कथित साधु, संत, बाबा, महामंडलेश्वर पैदा हुए हैं उनका स्वार्थ है। वे ज्यादा से ज्यादा शिष्य या श्रोता बनाने के लिए काम करते हैं और पैसे कमाने, राजनीति को प्रभावित कर सकने वाली हस्ती बनाने और तमाम भौतिक सुख सुविधाएं हासिल करने के लिए काम करते हैं। इनमें कुछ अपवाद भी होंगे लेकिन ज्यादातर ऐसे ही हैं। ऐसे लगभग सभी लोग भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करते हैं और दिन रात प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्रियों का गुणगान करते हैं। शंकराचार्य ये काम नहीं करते हैं और न कर सकते हैं। वे धर्म, आध्यात्म और समाज से जुड़े गंभीर प्रश्न उठाते हैं, जिससे सरकार असहज होती है।

तभी अविमुक्तेश्वरानंद के बहाने शंकराचार्य के पद की प्रतिष्ठा को समाप्त किया जा रहा है। उनकी जगह कथावाचकों व अनाप शनाप बयानबाजी करने और हिंदू मुस्लिम नैरेटिव को बढ़ाने का काम करने वाले कथित साधु संतों का महिमामंडन किया जा रहा है। एक बारीक बात यह है कि शंकराचार्य पारंपरिक रूप से ब्राह्मणवादी व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिस तरह से यूजीसी के नए नियमों का मकसद पिछड़ी जातियों को एक संदेश देना है उसी तरह शंकराचार्य को टारगेट करके भी पिछड़ी जातियों को संदेश दिया जा रहा है कि सरकार पारंपरिक ब्राह्मणवादी व्यवस्था को समाप्त कर रही है।

असल में भाजपा को लग रहा है कि कांग्रेस, सपा, राजद जैसी विपक्षी पार्टियां 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा देकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी आबादी को अपने साथ जोड़ रही हैं। विपक्ष का यह वोट अपनी ओर करने की दीर्घकालिक योजना के तहत भाजपा नए प्रयोग कर रही है। वह कुछ आगे बढ़ेगी और कुछ पीछे हटेगी लेकिन यह प्रयोग चलेगा। उसको लग रहा है कि अंत में सवर्ण मतदाताओं के पास भाजपा के अलावा कोई चारा नहीं होगा। इसलिए वह एससी, एसटी और ओबीसी वोट सुरक्षित करने का प्रयास कर रही है। इसका एक बड़ा हिस्सा पहले से भाजपा के साथ है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद पिछड़ी जाति का प्रतीक चेहरा हैं। प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का भी चेहरा हैं। इसलिए यह मैसेज भी दिया जा रहा है कि उनके रहते शंकराचार्यों की क्या जरुरत है! राजनीति में अक्सर नेता यह गलती करते हैं। वे अपना मूल छोड़ कर दूसरे का वोट हथियाने की कोशिश करते हैं और इस कोशिश में अपना मूल भी गंवा देते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। इस राशि के छात्रों आज किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए फार्म भरने का मन बनायेंगे।
शुभ रंग- गुलाबी, शुभ अंक- 6

### वृष राशि:

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका आशीर्वाद मिलेगा।
शुभ रंग- गोल्डन, शुभ अंक- 4

### मिथुन राशि:

आज आपका दिन बढिया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको खुशी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों आज जन संपर्क कर सकते हैं। आज आप महत्वपूर्ण काम पूरा करने में सफल होंगे, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा।
शुभ रंग- मैजेंटा, शुभ अंक- 6

### कर्क राशि:

आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होंगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बन सकता है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी।
शुभ रंग- नीला, शुभ अंक- 2

### सिंह राशि:

आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी नये कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाएंगे, जहां खूब एंजॉय करेंगे।
शुभ रंग- काला, शुभ अंक- 5

### कन्या राशि:

आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं।
शुभ रंग- सफेद, शुभ अंक- 8

### तुला राशि:

आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपनों से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति चल रही नकारात्मक थिंकिंग आज समाप्त हो जायेगी। अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले व्यक्ति के स्वभाव को ठीक से जानना होगा।
शुभ रंग- ग्रे, शुभ अंक- 4

### वृश्चिक राशि:

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में सफल होंगे।
शुभ रंग- पीला, शुभ अंक- 1

### धनु राशि:

आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी कार्य में आ रही समस्याएं समाप्त हो जाने से कार्य तय समय पर पूरा हो जाएगा। लोगों का विश्वास आपके ऊपर बना रहेगा। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में नई नई खुशियां आएंगी। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।
शुभ रंग- नीला, शुभ अंक- 9

### मकर राशि:

आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का ट्रांसफर आज उनके मन पसंद जगह पर होगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।
शुभ रंग- नारंगी, शुभ अंक- 4

### कुंभ राशि:

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से भी आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी। जीवनसाथी आज आपके भावनाओं की कद्र करेंगे।
शुभ रंग- बैंगनी, शुभ अंक- 7

### मीन राशि:

आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## शब्द सामर्थ्य -321

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू- दोकू क्र.321

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## संक्षिप्त समाचार

### बिजोवा आंगनवाड़ी केन्द्र पर चिकित्सा शिविर आयोजित



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार/गांधी रानी।** आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत आयुर्वेदिक ओषधालय बिजोवा के तत्वावधान मेऑगन वाडी केन्द्र बिजोवा पर चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ विजयपाल सिंह के सानिध्य में आयोजित कर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ सिंह ने महिलाओ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाने के साथ आहार विहार के बारे मे जानकारी दी। शिविर में महिलाओं की रक्तजांच व सामान्य बीमारियों की जांच कर दवाईया वितरित की गई। शिविर में कम्पाउडर नारायण लाल, एएनएन सोनु कुमारी, आँगनवाडी कार्यकर्ता मंजुला, मालती, आशा सहयोगिनी बदामी, सुमन, गंगा, सहायिका भवरी देवी भी उपस्थित रहे।

### दूध वाहन और बाइक की भिड़ंत, एक गंभीर घायल

**चमकता राजस्थान/उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धन सिंह।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के उन्हेल थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा खेरखेड़ा गांव के समीप हुआ, जहां तेज रफ्तार दूध वाहन ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। उन्हेल थाना प्रभारी रामकरण कटारिया ने बताया कि बाइक सवार नन्द सिंह पिता कल्याण सिंह निवासी बरखड़ी थाना गरोठ (मध्यप्रदेश) चौमहला रोड से आलोट की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज गति के दूध वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही उन्हेल पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सीएचसी चौमहला पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दूध वाहन को जब्त कर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### अखिल भारतीय जांगिड़ ब्रम्हाण विवाह सम्मलेन नईनाथ में हुआ सम्पन्न



**चमकता राजस्थान/सत्यनारायण जांगिड़/ बस्सी।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण विवाह सम्मेलन नई नाथ भास्को में संपन्न हुआ जिसमें 29 जोड़ों का विवाह हुआ समाज के सभी वरिष्ठ लोगों ने सम्मेलन में शामिल होकर वर वधू का आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह अध्यक्ष मुकेश जांगिड़ जिला अध्यक्ष जयपुर रहे।

### शिकारपुरा में जनता कीचड़ से परेशान



**चमकता राजस्थान/सत्यनारायण जांगिड़/सांगानेर।** सांगानेर की शिकारपुरा के वार्ड नंबर 97 में 5 वर्षों से सड़क पर कीचड़ होने के कारण वार्ड वासी परेशान है और पास ही में सरकारी स्कूल है जो बच्चे बहुत परेशान है लगातार पार्षद को वह नगर निगम की कर्मचारियों को कई बार अवगत कराने पर भी अभी तक सड़क पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनी में राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरित की



**चमकता राजस्थान/जयपुर गोपाल सिलोरिया/करावन झालावाड़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनी मै, गुरुवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया कक्षा 9 की बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क साइकिल योजना से 25 छात्रों को साइकल वितरित की गई जिसमें कार्यवाहक प्रधानाचार्य संदीप नरवारा दीपक शर्मा मनोहर लाल शर्मा पुरुषोत्तम गुर्जर भावना गोविंद सिंह ३ अध्यक्ष गोपाल सिंह वार्ड पंच मनोहर सिंह आदि उपस्थित रहे, अतिथियों ने बालिकाओं को साइकिल सौंपते हुए उन्हें नियमित विद्यालय आने शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया

चमकता राजस्थान की खबर का असर

# धरातल पर दिखना शुरू हो गया है पहले जेसीबी से समतल किया फिर डंपिंग यार्ड पर तारबंदी काम शुरू हुआ

चमकता राजस्थान

**सेमारी।** सलूंबर जिले के सेमारी मे चमकता राजस्थान में जो शुक्रवार को प्रिंट मे खबर चली सेमारी डंपिंग यार्ड पर कचरे के ढेर होने से गौ माता चारा समझ कर प्लास्टिक खाने पर मजबूर थी वहां पर प्रशासन हरकत मे आया है ग्राम पंचायत सेमारी द्वारा तारबंदी की जा रही है जो सेमारी पंचायत समिति अतिरिक्त बीडीओ रामलाल मीणा ग्राम विकास अधिकारी हेमन्त कुमार मीणा मोहन रेबारी मौके पर पहुंचे जेसीबी मशीन लगा कर प्लास्टिक बिखरा पड़ा था वह सब समतल कर साफ कर दिया है खबर चली प्रशासन की जवाब देही तय करने की दिशा में एक बड़ा कदम है यहाँ और उसके बाद हुई कार्रवाई का संक्षिप्त विवरण हैः



सेमारी डंपिंग यार्ड बना गोवंश के लिए डेथ ट्रैप'

चमकता राजस्थान

प्लास्टिक खाने से तड़प कर मर गई एक गायें

सेमारी। सलूंबर जिले के सेमारी स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और कचरा प्रबंधन की कमी अब बेजुबान पशुओं की जान पर भारी पड़ रही है सेमारी क्षेत्र के डंपिंग यार्ड से आई ताजा तस्वीरों ने सबको झकझोर कर रख दिया है जहाँ कई गायें कचरे के ढेर में फंसे प्लास्टिक और पॉलिथीन को खाकर बीमार हालत में देखने को मिली हैं ग्रामीणों के अनुसार डंपिंग यार्ड में सेमारी गांव का कचरा खुले में फेंका जा रहा है चारे की तलाश में यहाँ आने वाली गायें अनजाने में कचरे के साथ भारी मात्रा में प्लास्टिक और जहरीला अपशिष्ट निगल रही हैं हालत नाजुक डंपिंग यार्ड में एक गाय अत्यंत गंभीर अवस्था में पड़ी मिली जिसके पेट में प्लास्टिक जमा होने के कारण वह चलने-फिरने में भी असमर्थ है प्रशासनिक अनदेखीः स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद डंपिंग यार्ड की घेराबंदी नहीं की गई है और न ही कचरे के निस्तारण की कोई ठोस व्यवस्था है ग्रामीणों में गहरा रोष गौभक्तों और स्थानीय निवासियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि एक तरफ हम गाय को 'माता' मानते हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें कचरे के ढेर पर मरने के लिए छोड़ दिया गया है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही डंपिंग यार्ड की सफाई और बीमार गायों के इलाज की व्यवस्था नहीं की गई प्लास्टिक पशुओं के पाचन तंत्र को पूरी तरह ब्लॉक कर देता है यह एक धीमी और दर्दनाक मौत है प्रशासन को तुरंत यहाँ फेंसिंग करवानी चाहिए ताकि पशु अंदर न जा सकें स्थानीय ग्रामीण मुख्य मांगें बीमार गायों का तुरंत पशु चिकित्सकों द्वारा इलाज करवाया जाए डंपिंग यार्ड के चारों ओर बाउंड्री वॉल या जाली लगाई जाए प्लास्टिक कचरे के उचित निस्तारण के लिए सख्त नियम लागू हों सेमारी ग्राम विकास अधिकारी हेमन्त कुमार मीणा ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा तहसील कार्यालय मे डंपिग यार्ड बनाने के लिए जमीन आवंटन के लिए पत्र दे रखा है जैसे ही जमीन आवंटित होते ही तुरंत काम चालू कर दिया जाएगा।

घटना सेमारी डंपिंग यार्ड में स्थित डंपिंग यार्ड स्थानीय गोवंश के लिए 'डेथ ट्रैप' (मौत का जाल) बन चुका था। यहाँ फैली गंदगी और प्लास्टिक कचरे ने मूक पशुओं के जीवन को संकट में डाल दिया था खबर का असरः चमकता राजस्थान ' द्वारा प्रमुखता से खबर



दिखाए जाने के बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आया।
कि कचरे के ढेर में प्लास्टिक खाने से एक गाय की तड़पकर मौत हो गई थी जिसने स्थानीय लोगों में रोष पैदा कर दिया जेसीबी से सफाईः खबर के दबाव में प्रशासन ने मौके पर जेसीबी भेजी डंपिंग यार्ड में बिखरे पड़े कचरे और प्लास्टिक को हटाया गया और जमीन को समतल किया गया ताकि आगे से गोवंश यहाँ फँस न सके आज गुरुवार को भी तारबंदी का काम शुरू कर दिया गया है सो बाय सो के घेरे में तारबंदी की जा रही है
ग्राम पंचायत ने पत्र दिया है तहसील कार्यालय में डंपिंग यार्ड के लिए जमीन आवंटित के आदेश के बाद पक्की बाउंड्री का काम चालू कर दिया जाएगा लापरवाही न हो इसके लिए क्या ठोस नीति बनाई गई है एक जागरूक पहलःमीडिया द्वारा उठाई गई आवाज और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि सही समय पर हस्तक्षेप कई बेगुनाह पशुओं की जान बचा सकता है।

## जिला पुलिस द्वारा महिला अपराध, साइबर सुरक्षा एवं सडक सुरक्षा के संबंध में स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह ने बताया की 19.फरवरी.2026 को जिला मुख्यालय पर सेन्ट पॉल स्कूल में महिला अपराध, साइबर सुरक्षा एवं रोड सेफ्टी अवेयरनेस के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर श्री भूपेन्द्र शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी ब्यावर कुल ज्यौति, थानाधिकारी पुलिस थाना साकेतनगर, थानाधिकारी महिला थाना ब्यावर एव प्रभारी जिला यातायात ब्यावर, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान महिला अपराधों की रोकथाम, छेड़छाड़, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा एंव राजकॉप सिटीजन एप आदि के संबंध में कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस



को सूचित करने की अपील की गई। साइबर सुरक्षा सत्र में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फर्जी लिंक/कॉल से सावधान रहने, ओटीपी साझा न करने, साइबर ठगी के तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं ऑनलाइन शिकायत पोर्टल के संबंध में भी अवगत कराया गया।रोड सेफ्टी अवेयरनेस के अंतर्गत यातायात नियमों का पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के दुष्परिणाम, नशे में वाहन न चलाने तथा सड़क संकेतों की जानकारी दी गई।जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा गया कि जागरूकता ही सुरक्षा की कुंजी है तथा युवा पीढ़ी को कानून की जानकारी रखते हुए जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए।

### कलरु गांव के जगदीश पाल जूरिया बने एबीएसटी में सहायक आचार्य, क्षेत्र में खुशी की लहर




**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता सिटी तहसील के ग्राम कलरु में उस समय हर्ष और गर्व का माहौल बन गया जब गांव के होनहार युवा जगदीश पाल जूरिया का एबीएसटी विषय में सहायक आचार्य पद पर अंतिम रूप से चयन हो गया। वर्तमान में एआरओ (एवीवीएनएल) पद पर कार्यरत जगदीश पाल जूरिया, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामपाल जूरिया के पुत्र हैं। जगदीश पाल जूरिया की इस उपलब्धि से परिवारजनों सहित समस्त ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने इसे पूरे गांव के लिए गर्व का विषय बताया। उनका कहना है कि जगदीश ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। विधायक लक्ष्मणराम मेघवाल, डॉ. रामेश्वर जमेरिया, डॉ. श्याम जूरिया, सुखवीर भादू और आईदान राम सहित अनेक लोगों ने बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सहायक आचार्य के रूप में जगदीश पाल जूरिया विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन प्रदान कर शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। ग्राम कलरु में इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। जगदीश पाल जूरिया की सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

## ग्राम घटियाली में स्वच्छ पेयजल परियोजना का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने किया अवलोकन

चमकता राजस्थान

**घटियाली (दूदू)।** ग्राम घटियाली में चल रही ''अमृत पेयजल वर्षा जल संरक्षण'' परियोजना का वॉटर विजडम फाउंडेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने दौरा कर निरीक्षण किया। यह परियोजना संसाधन एजेंसी मॉनसून ट्रस्ट यू के आर्थिक सहयोग से संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य हाशिए पर जीवन यापन कर रहे परिवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।

निरीक्षण के दौरान सौर ऊर्जा आधारित पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, वर्षा जल संचयन संरचनाएं तथा स्कूल के बच्चों के लिए सुरक्षित



पेयजल सुविधा का जायजा लिया गया। बोर्ड के सदस्यों ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताया।

इस अवसर पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य मे. राघव सिंह राणावत, डॉ. कपिल देव शर्मा तथा ओमप्रकाश शर्मा ने स्थल पर पहुंचकर परियोजना के विभिन्न कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी आवशयकताओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में ग्राम विकास संचालन समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में जनसेवक हंसराज चौधरी गोपालपुरा, एस सी मोर्चा अध्यक्ष गजानन्द निरानियां घटियाली , ईश्वर सिंह राजपूत, पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि हनुमान बैरवा, श्योजी बैरवा, जगदीश भील, जगदीश डोई , बूथ अध्यक्ष नन्द लाल गुर्जर, रामलाल धणादिया,किशन गुर्जर, विष्णु सैन, मनोज देवी भील, आशा देवी भील, लाली देवी भील, रामलाल बगरिया, मौजूद रहें, हेमराज बुरड़क फाउंडेशन के प्रोजेक्ट एसोसिएट सीताराम ने बताया कि परियोजना के माध्यम से गांव में वर्षा जल संरक्षण और सौर ऊर्जा आधारित पेयजल प्रणाली स्थापित कर दीर्घकालीन जल समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों विशेषकर वंचित परिवारों और स्कूली बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो।

### महिलाएं बोलीं- हम प्यासे मर रहे, पाइपलाइन का क्या फायदा?

- **कलेक्टर से कहा- सात दिन से नहीं हुई पानी सप्लाई, टंकी से बह रहा पानी**

**चमकता राजस्थान/जालोर।** जिला मुख्यालय के राजेंद्र नगर स्थित पंचवटी कॉलोनी सहित आसपास की बस्तियों में पिछले एक सप्ताह से पानी की सप्लाई नहीं हो रही। महंगे दामों में निजी टैंकर मंगवाने को मजबूर महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और नियमित जलापूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने बताया कि पिछले करीब एक महीने से यही हालात बने हुए हैं। 7-8 दिन तक पानी नहीं आता, जिससे घरेलू कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जलदाय विभाग और प्रशासन को पहले भी कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि कॉलोनी में पाइप लाइन डालते समय कर्मचारियों ने कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए बीच में प्लेट डाल दी। इसके कारण पानी छोड़े जाने के बावजूद कॉलोनी तक पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच रहा।

# बाड़मेर में 3 दुकानों से जब्त किए 12 LPG सिलेंडर:कॉर्मिशियल उपयोग में ले रहे थे घरेलू गैस, दुकानदारों को दी चेतावनी

चमकता राजस्थान

**बाड़मेर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ रसद विभाग ने कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग जगहों से 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। सभी कार्रवाई शिव उपखंड क्षेत्र में की गई
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देश पर जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत विभिन्न गांवों में दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर घरेलू गैस का उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई



» दुकानदारों को सख्त चेतावनी

जिला रसद अधिकारी कंवराराम ने बताया - जिन प्रतिष्ठानों पर खाना बनाने या अन्य व्यावसायिक कार्यों में गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है, उन्हें कमर्शियल गैस का ही इस्तेमाल करना होगा
उन्होंने स्पष्ट कहा कि घरेलू सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर सिलेंडर जब्ती के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी

» नियमों के उल्लंघन पर दर्ज होगा मामला

जांच के दौरान कई स्थानों पर सिलेंडर का अनाधिकृत भंडारण और ऊंचे दामों पर अवैध बिक्री के संकेत मिले इसे द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन माना गया
ऐसे मामलों में आवशयक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

» तीन फर्मों से 12 सिलेंडर जब्त

गोरसियों का तला स्थित मैसर्स महोदव किराणा स्टोर से 14 किलो के 4 सिलेंडर
मैसर्स बालाजी किराणा स्टोर से 14 किलो के 3 सिलेंडर
कानासर, आरंग चौराहा स्थित मैसर्स महादेव हैंडलूम से 14 किलो के 5 सिलेंडर
तीनों प्रतिष्ठानों के खिलाफ द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के उल्लंघन में कार्रवाई प्रस्तावित की गई है पत्रकार गोरधन सिंह

## संक्षिप्त समाचार

### ठाणे के प्रभाग 15 में नाना नानी पार्क को बंद कर पार्क को गोडाऊन में बदलने को लेकर भाजपा नगरसेवक सुरेश कांबले आक्रामक




**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** ठाणे के प्रभाग न 15 में ठाणे महानगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए नाना नानी पार्क बनाया गया ।यह पार्क पिछले चार महीनों से बंद है। इस पार्क के बंद होने की वजह की जाँच करने के बाद पता चला है कि ठाणे महानगर पालिका के उद्यान विभाग ने इस पार्क को बंद कर दिया है और इस पार्क को एक ठेकेदार को उसके फैब्रिकेशन मटीरियल के लिए किराए पर दे दिया है। यह जानकारी भाजपा नगरसेवक सुरेश कांबले को मिली ,
कि उद्यान विभाग के अधिकारी यह किराया वसूल रहे हैं। प्रभाग 15 में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बहुत ज़्यादा है और पार्क को बंद करके किराए पर देने का यह एक बड़ा घोटाला है । इसलिए, इस मामले की पूरी जाँच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ़ एक्शन लिया जाना चाहिए। यह पता लगाने के बाद कि क्या ऐसी घटनाएँ दूसरे पार्कों में भी हुई हैं, उस पार्क को तुरंत वरिष्ठ नागरिकों के लिए खोल दिया जाना चाहिए। साथ नगरसेवक सुरेश कांबले ने बताया कि शुक्रवार को होने वाली ठाणे महानगर पालिका महासभा से पहले यह पार्क नहीं खोला गया, तो वो वरिष्ठ नागरिकों को साथ लेकर पालिका मुख्यालय जाऊँगा और वहां धरना प्रदर्शन करेंगे। आम नागरिकों को न्याय मिल सके यही एक नगरसेवक का कर्तव्य होता है।

### नगर निगम की बडी कार्रवाईः होजरी फैक्ट्री के गुप्त गोदाम से 280 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद, गोदाम सील, 1.25 लाख जुर्माना



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के कड़े निर्देशों पर नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने आज चिलकाना रोड स्थित बालपुर में एक होजरी फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक के एक बड़े अवैध भंडार का भंडाफोड़ किया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह और प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच.बी. गुरुंग के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री के भीतर बने एक गुप्त गोदाम से कंटेनरों में छिपाकर रखी गई 280 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन, प्लास्टिक गिलास, कटोरी और चम्मच बरामद किए गए। प्रशासन ने नियमों के उल्लंघन पर फैक्ट्री संचालक पर सवा लाख रुपये का भारी जुर्माना ठोकते हुए सभी प्रतिबंधित सामग्री को निगम की गाड़ियों में भरकर जब्त कर लिया। इस छापेमारी दल में सहायक अभियंता संजय कुमार सहित मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद, इंद्रपाल और अन्य सफाई निरीक्षकों की सक्रिय भूमिका रही, जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शहर में पर्यावरण नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### लहसुन की आड़ में अफीम की खेती



**चमकता राजस्थान/डग-19फरवरी(कुन्दन व्यास)।** पुलिस अधीक्षक जिला झालावाड अमित बुडानिया द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदाथों की तस्करी करने वाले बदमाशान के खिलाफ कार्यवाही करने का विशेष अभियान को सफल बनाने के लिये भागचन्द मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में हेमन्त कुमार गौतम आर पी एस पुलिस उप अधीक्षक गगधार के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना डग भँवर सिह पु.नि.एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करो पर शिकंजा कसते हुये बुधवार दिनांक 18.02.2026 को मुखबीर की सूचना पर डग पुलिस द्वारा कस्बा डग के माल डग चौमहला रोड़ 132 केवी के सामने खेत मालिक बद्रीलाल पुत्र पुरालाल जाति लोधा उम्र 34 साल निवासी लोधा मोहल्ला डग जिला झालावाड राज.द्वारा अपने खेत में लहसुन की फसल की आड़ में उगा रखे अफीम के पौधे जिन पर डोडा व फूल आये हुये थे तथा कुछ डोड़ो पर चिरा लगा हुआ था उक्त सभी पौधो को उखाड कर वजन किया तो शुद्ध वजन 16 किलो 705 ग्राम हुआ उक्त सभी अफीम के पौधो को जप्त कर खेत मालिक बद्रीलाल को गिरफ्तार कर पुलिस थाना डग पर एन.डी.पी.एस.एक्ट के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज किया गया पुलिस द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है।

---

एनसीसी कैडेट्स, स्कूली एवं मूक बधिर विद्यार्थियों को किया प्रेरित

# सूर्य किरण एरोबैटिक टीम एवं सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने युवाओं से किया संवाद

- भारतीय वायुसेना के एम्बेसडर्स से रूबरू होकर रोमांचित हुए युवा

**एचसीएम रीपा के भगवत सिंह मेहता सभागार में हुआ संवाद कार्यक्रम**







चमकता राजस्थान

जयपुर। भारतीय वायु सेना की ब्रांड एंबेसडर टीमों सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने गुरुवार को जयपुर के युवाओं से संवाद कर उन्हें राष्ट्र सेवा, अनुशासन और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। संवाद कार्यक्रम हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के भगवत सिंह मेहता सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं मूक-बधिर विद्यार्थी उपस्थित रहे।
टीम सदस्यों ने विद्यार्थियों को वायुसेना में करियर के अवसरों, कठोर प्रशिक्षण प्रक्रिया, टीमवर्क और समर्पण के महत्व से अवगत कराया। साथ ही 20 एवं 22 फरवरी को जल महल की पाल पर प्रस्तावित भव्य एयर शो की जानकारी साझा की। पायलटों ने कहा कि जयपुरवासियों के लिए यह अवसर भारतीय वायुसेना के साहस, सटीकता और अनुशासन को सजीव रूप में देखने का यादगार क्षण होगा।
आयोजन में जानकारी दी गई कि वर्ष 1996 में स्थापित सूर्य किरण एरोबैटिक टीम एशिया की एकमात्र नौ-विमान एरोबैटिक टीम है और विश्व की चुनिंदा टीमों में शामिल है। यह टीम लाल-सफेद रंग के आकर्षक ल्हं६‘ ट‘-132 जेट विमानों पर उड़ान भरते हुए लूप, बैरल रोल, उलटी उड़ान तथा लोकप्रिय ‘डीएनए’ संरचना जैसे रोमांचक करतब प्रस्तुत करती है। अब तक 800 से अधिक प्रदर्शनों के माध्यम से टीम ने चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अनेक देशों में भारतीय वायुसेना की पेशेवर दक्षता का प्रदर्शन किया है।
टीम में 14 पायलट शामिल हैं। टीम लीडर ग्रुप कैप्टन अजय दसरथी (सु-30 एमकेआई के अनुभवी पायलट) हैं तथा डेप्यूटी लीडर विंग कमांडर तेजेश्वर सिंह हैं। अन्य पायलटों एवं तकनीकी अधिकारियों की समर्पित टीम सटीक गठन उड़ान को संभव बनाती है।
उल्लेखनीय है कि टीम के तीन पायलट विंग कमांडर राजेश काजला, विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ और स्क्वाड्रन लीडर संजेश सिंह जयपुर से ही हैं। हाल ही में विमानों में स्वदेशी स्मोक पॉड्स का एकीकरण किया गया है, जिसे वायुसेना के 11 बेस रिपेयर डिपो, नासिक में विकसित किया गया है। इससे प्रदर्शन के दौरान आकाश में तिरंगे के रंगों की आकर्षक छटा बिखेरी जा सकती है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाती है।
आयोजन में यह भी जानकारी दी गई कि सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने रंग-बिरंगे हेलिकॉप्टरों और सटीक सामूहिक उड़ान के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। वर्ष 2004 में सिंगापुर में आयोजित एशियन एरोस्पेस शो में पहली अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति के बाद से टीम 390 से अधिक स्थलों पर 1200 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है।
टीम ध्रुव हेलिकॉप्टर का संचालन करती है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन एवं विकसित किया गया है। यह सर्व-मौसम और बहु-उद्देशीय क्षमता वाला हेलिकॉप्टर है, जो ‘आत्मनिर्भरता’ की भावना का सशक्त प्रतीक है। 20 फरवरी तक अभ्यास उड़ानों के पश्चात 22 फरवरी को जलमहल के ऊपर पाँच हेलिकॉप्टरों का भव्य सामूहिक प्रदर्शन जयपुरवासियों को रोमांचित करेगा।
सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम का आदर्श वाक्य ‘‘सदैव सर्वोत्कृष्ट’’ उत्कृष्टता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रतिबिंबित करता है। युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम ने न केवल उन्हें प्रेरित किया, बल्कि भारतीय वायुसेना के साहसिक एवं तकनीकी कौशल की झलक भी प्रस्तुत की। जयपुर का आसमान 20 और 22 फरवरी को इसी जोश और गौरव का साक्षी बनेगा।

## प्रश्नकाल में केवल प्रश्न - उत्तर, वाद-विवाद नहीं : देवनानी

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को सदन की कार्यवाही के दौरान स्पष्ट व्यवस्था देते हुए कहा कि प्रश्नकाल का उद्देश्य केवल सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करना है, न कि वाद-विवाद या विस्तृत चर्चा करना।
स्पीकर देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें जनप्रतिनिधि सरकार से जनहित से जुड़े मुद्दों पर तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करते हैं। अतः प्रश्नकाल के दौरान अनावश्यक बहस, आरोप-प्रत्यारोप या विषयांतर चर्चा से बचना चाहिए। उन्होंने सभी माननीय सदस्यों से कहा कि वे नियमों एवं परंपराओं का पालन करते हुए संक्षिप्त एवं स्पष्ट प्रश्न पूछें तथा मंत्रीगण भी निर्धारित विषय पर सटीक और तथ्यात्मक उत्तर दें, जिससे सदन की कार्यवाही सुचारु, मर्यादित और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।
देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इससे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सदन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है।
देवनानी ने कहा कि पूर्व में दी गई अध्यक्षीय व्यवस्था में अनुपूरक प्रश्न मूल प्रश्न से ही संबंधित होना चाहिये। सदस्य को दो ही पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति है।
देवनानी को 'उम्र 18 की' प्रति भेंट– राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को युवा लेखक हर्ष वर्धन पाण्डेय ने अपनी नवीन पुस्तक उम्र 18 की प्रति भेंट की।देवनानी ने युवा लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## राजस्व आदेश 2026/128 के तहत SH-78 की सीमांकन कार्रवाई सफल,अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू,

- 10 दिवस में अक्रमणियों को हटाने के दिए निर्देश



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** तहसील मुख्यालय क्षेत्र में राज्य राजमार्ग SH-78 की बाहरी सीमाओं का चिन्हांकन राजस्व विभाग द्वारा सफलतापूर्वक जगह चिन्हींत कर पूरा कर लिया गया। यह कार्रवाई कुण्डल तहसीलदार हरिकेश मिरोठा के आदेश क्रमांक राजस्व 2026/128 के तहत सख्ती और पारदर्शिता के साथ पूरी की गई।
प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार राजस्व विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग (ढहऊ) की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत माप-जोख की और सड़क की वास्तविक सीमाओं को स्पष्ट रूप से चिन्हींत कर निर्धारित किया। सीमांकन के बाद सड़क किनारे स्पष्टकरण निशान लगाए गए, जिससे भविष्य में सड़क चौडाईकरण, व मरम्मत और अन्य विकास कार्यों में कोई बाधा न आए। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से सड़क किनारे अस्थायी और स्थायी अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई शुरू की गई। जहां-जहां अतिक्रमण पाया गया, वहां संबंधित व्यक्तियों को मौके पर बुलाकर जानकारी दी गई और उन्हें 10 दिन निर्धारित समय सीमा में स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तय समय में अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन के द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान जेईएन ढहऊप्रियंका मीणा सहित राजस्व निरीक्षक और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मौके पर तहसीलदार हरिकेश जी मीरोठा के नेतृत्व में पटवारी जितेन्द्र दतोनिया, गिरदावर राकेश मीना, ऑफिस कानूनगो महेन्द्र सिंह नरूका और सूरज नारायण सैन, सुनील जी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र में सुव्यवस्थित विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त होगा तथा आमजन को बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिल सकेगा जिससे भाहरी संसाधनों को भी आवागमन में ट्रैफिक की परेशानी से भी छुटकारा मिलेगा।

## अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के ( डीग ) जिले के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष व राजस्थान के प्रदेश महासचिव पवन ठाकुर ने अशोक गहलोत जी से की जयपुर आवास पर शिष्टाचार मुलाकात

चमकता राजस्थान



मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग। अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के ( डीग ) जिले के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष एवम् राजस्थान के प्रदेश महासचिव पवन ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान व वर्तमान में सदरपुरा से लोकप्रिय विधायक जन - जन के लाडले, हम सब के चहेते, गरीबों के मसीहा आदरणीय श्री अशोक गहलोत जी उनके जयपुर आवास पर पहुंचकर गुलदस्ता भेंट एवं शिष्टाचार मुलाकात की मुलाकात के दौरान राजनीतिक चर्चा एवं आगामी चुनावों की चर्चा हुई जिला अध्यक्ष पवन ठाकुर ने बताया कि 2028 में भारी बहुमत से राजस्थान में कांग्रेस की जीत होगी साथ ही आने वाली 4 तारीख होली की सहपारिवार आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी में ईश्वर से आपके उत्तम स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हु इस मौके पर -: पवन ठाकुर जिला अध्यक्ष ( डीग ) अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस, कोमल सागर राजस्थान प्रदेश सचिव आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

7 साल में करेंगे 10 लाख करोड़ निवेश, जामनगर में गीगावॉट-स्केल अकइंफ्रा

# मुकेश अंबानी का बड़ा ऐलानः डेटा की तरह सस्ती होगी AI, जियो जोड़ेगा भारत को ‘इंटेलिजेंस एरा’ से

- शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के लिए अक प्लेटफॉर्म लॉन्च
- AI, प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विज़न को नई गति देगा- अंबानी

चमकता राजस्थान

नई दिल्ली। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने इंडिया अक इम्पैक्ट समिट में ऐलान किया कि जिस तरह जियो ने देश में डेटा सस्ता किया, उसी तरह अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी आम भारतीय तक किफायती दरों पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ‘‘भारत इंटेलिजेंस किराये पर नहीं ले सकता’’ और जियो देश को इंटरनेट युग के बाद अब ‘‘इंटेलिजेंस एरा’’ से जोड़ेगा।
इस दिशा में जियो और रिलायंस इंड्स्ट्रीज अगले सात वर्षों में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे। अंबानी ने कहा कि यह निवेश भारत में मजबूत अकढांचा खड़ा करने और आने वाले दशकों के लिए आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जाएगा।
कंपनी जामनगर में चरणबद्ध तरीके से मल्टी-गीगावॉट अक-रेडी डेटा सेंटर पार्क विकसित कर रही है। 2026 के अंत तक 120 मेगावॉट क्षमता शुरू करने का लक्ष्य है, जिसे आगे गीगावॉट स्तर तक बढ़ाया जाएगा। यह पूरा ढांचा ग्रीन एनर्जी पर आधारित होगा। साथ ही जियो अपने नेटवर्क के जरिए देशभर में ऐसी कंप्यूट क्षमता उपलब्ध कराएगा, जिससे अक सेवाएं कम लागत और तेज़ गति से लोगों, दुकानों, स्कूलों, अस्पतालों और खेतों तक पहुंच सकें।
अंबानी ने जोर देकर कहा कि जियो अक भारतीय भाषाओं में काम करेगा, ताकि किसान, युवा, छात्र और छोटे व्यवसायी अपनी भाषा में इसका लाभ उठा सकें। इसी क्रम में शिक्षा के लिए जियो शिक्षा अक, स्वास्थ्य के लिए जियो आरोग्य अक, कृषि के लिए जियो कृषि और आम उपयोग के लिए जियो भारत क्द जैसे प्लेटफॉर्म पेश किए गए, जो स्थानीय भाषाओं में अक आधारित सहायता उपलब्ध कराएंगे।
मुकेश अंबानी ने विश्वास जताया कि भारत 21वीं सदी में अग्रणी अक शक्ति बन सकता है, बशर्ते तकनीक सुलभ, किफायती और देश की जरूरतों के अनुरूप विकसित की जाए। जियो की इन घोषणाओं से संकेत मिलता है कि कनेक्टिविटी के बाद अब कंपनी अकको अगला राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।
AI से पैदा होने वाली चिंताओं पर अंबानी ने कहा कि एआई वह मंत्र है जो हर यंत्र को तेज, बेहतर और स्मार्ट तरीके से काम करने की शक्ति देता है। मैं एआई को आधुनिक अक्षय पात्र के रूप में देखता हूं, जो अंतहीन पोषण प्रदान कर सकता है। अकनौकरियां नहीं छीनेंगा बल्कि, यह उच्च-कौशल वाले कार्यों में नए अवसर पैदा करेगा।
अपने संबोधन की शुरुआत में अंबानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न की सराहना करते हुए कहा कि AI-आधारित विकास की यह पहल, भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को नई गति देगी। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल भारत, बल्कि ग्लोबल साउथ के देशों के लिए भी एक प्रेरक मॉडल बन सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट ने ग्रेनाइट-एसोसिएशन कार्यकारी- सदस्यों के काम करने पर लगाई रोक




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** बिनाअधिकार और सुनवाई के 113 मौजूदा मेम्बर्स के नाम वोटर लिस्ट से हटाए थे। राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर में ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर के चुनाव को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर की एकलपीठ ने महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक कार्यकारिणी सदस्यों पर रोक लगाई। ग्रेनाइट उधमियों ने राजस्थान उच्च न्यायालय मे एस.बी. सिविल रिट याचिका पेशकर याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर के चुनाव आयोग के समन्वयक द्वारा बिना अधिकार एवं बिना सुनवाई का अवसर दिए ग्रेनाइट एसोसिएशन के 113 सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इसी कथित अवैध मतदाता सूची के आधार पर चुनाव संपन्न कराए गए। याचिका में यह भी कहा गया कि एसोसिएशन के उपविधियों के अनुसार अधिकतम पांच पदों पर ही चुनाव हो सकते थे, जबकि 9 पदों पर चुनाव कराए गए, जो नियमों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता पक्ष के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 1984 में पंजीकृत उपविधियों में अब तक कोई संशोधन नहीं हुआ है। न्यायालय ने मामले को विचारणीय मानते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। साथ ही स्थगन आवेदन पर भी नोटिस जारी किया गया है। अंतरिम आदेश में न्यायालय ने अगली सुनवाई तक कार्यकारिणी सदस्यों को ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्य करने से रोक दिया है। वे न्यायालय की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार से कार्य नहीं कर सकेंगे।

### चांचोडी में चारभुजा मंदिर प्रतिष्ठा पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

- **कार्यक्रम में आरएलपी नेता थानसिंह डोली ने की शिरकत**



**चमकता राजस्थान/जीवन्द कलां।** चांचोडी में नवनिर्मित चारभुजा मंदिर की भव्य प्रतिष्ठा 18 से 20 फरवरी तीन दिन विशाल भव्य प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ब्रह्मधाम आसोतरा के गादीपति संत तुलसारामजी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रही है। गांव में संत तुलसाराम जी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अशोकसिंह खरोकडा ने बताया कि कि 18 फरवरी की रात को बाड़मेर बालोतरा के आरएलपी के बड़े नेता थानसिंह डोली ने शिरकत की जहां गांव वालों ने माला साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया। थानसिंह डोली ने चारभुजा नाथ के दर्शन किए और ईश्वर से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की और कहा कि आध्यात्मिक वातावरण में मन को अद्भुत शांति और शांति से भर दिया।वही आयोजन कमेटी और गांव वालों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी का स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहें। इस तीन के विशाल कार्यक्रम में मूर्ति स्थापना,महाआरती और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया है।जहां प्रमुख नेताओं ने ईश्वर से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।अशोकसिंह खरोकडा ने बताया कि चांचोडी देवनगरी इस विशाल सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कृष्ट बिन्दु की साक्षी बन रही है और इस तीन दिवसीय विशाल धार्मिक कार्यक्रम में करीबन 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया।

# नेता प्रतिपक्ष का अपमान देश का अपमान, माफी मांगे संसदीय कार्य मंत्री: पायलट

चमकता राजस्थान

**मुम्बई।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लिए इस्तेमाल की गई भाषा की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि रिजिजू की टिप्पणी बेहद अशोभनीय एवं निंदनीय है। प्रतिपक्ष के नेता, जो एक संवैधानिक पद पर हैं, उन्हें देश के लिए खतरा बताना लोकतांत्रिक मर्यादाओं का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का मुख्य काम सरकार से सवाल पूछना और उसकी जवाबदेही तय करना होता है, लेकिन सत्ता पक्ष न केवल उन्हें संसद में बोलने से रोकता है, बल्कि उनका माइक तक बंद कर देता है। श्री पायलट ने स्पष्ट किया कि जिस व्यक्ति के पूरे परिवार ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया हो, उनके लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया जाना सरासर अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि श्री किरण रिजिजू को अपना बयान तुरंत वापस लेना चाहिए और इस अमर्यादित आचरण के लिए पूरे देश से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।



मुम्बई के महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए पायलट कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा अमेरिका के साथ किये गया व्यापारिक समझौता किसान विरोधी एवं भारत की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते आर्थिक तरक्की का रास्ता होने चाहिए जो बराबरी की शर्तों पर आधारित हों, लेकिन वर्तमान सरकार ने देश के 140 करोड़ जनमानस की भावनाओं और हितों को दरकिनार कर इसे गुलामी के रास्ते पर धकेल दिया है।

उन्होंने कहा कि इस समझौते ने भारत के कृषि बाजार को अमेरिका के लिए पूरी तरह खोलकर रख दिया है जो हमारे किसानों की रोजी-रोटी पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी-फ्री मक्का, ज्वार और सोयाबीन के आयात से राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के करोड़ों किसान बर्बाद हो जाएंगे। कपास के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के साथ हुए त्रिकोणीय घटनाक्रम और अमेरिकी कपास के आयात की अनुमति ने भारत के कपास उत्पादकों को दोहरी मार दी है। इसके साथ ही हिमाचल, कश्मीर और पूर्वोत्तर के फल व मेवा उत्पादकों के सामने भी अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है।

पायलट ने कहा कि रूस और ईरान से सस्ता कच्चा तेल न खरीदने का वादा भारत की संप्रभुता से सरासर समझौता है। रूस से सस्ते आयात के कारण भारत ने पिछले वर्षों में लगभग 1.81 लाख करोड़ की बचत की थी, लेकिन अब अमेरिका से महंगा तेल खरीदने की मजबूरी देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता की जेब पर भारी पड़ेगी।

## जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने किया मकराना व जुसरी में किया विभिन्न कार्यों का सघन निरीक्षण

चमकता राजस्थान

**रामस्वरूप सैनी / डीडवाना-कुचामन।** जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत मकराना और जुसरी क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, आधारभूत ढांचे की सुरक्षा और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जमीनी जायजा लिया।

मकराना- मंगलाना ROB: सुरक्षा के लिए भारी वाहन प्रतिबंधित

जिला कलक्टर डॉ खड़गावत ने मकराना- मंगलाना रोड़ स्थित ओवरब्रिज (फ्ङइ) का निरीक्षण किया और सुरक्षा के दृष्टिगत उन्होंने फ्ङइ पर भारी वाहनों के प्रवेश को तुरंत वर्जित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उच्च अधिकारियों से संपर्क कर इसकी शीघ्र मरम्मत करवाने और निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने हेतु कार्यदायी संस्था को पाबंद किया।



झालरिया तालाब: जन-सहयोग से होगा कायाकल्प

शहर के ऐतिहासिक झालरिया तालाब के निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए तालाब की गहराई बढ़ाई जाए ताकि जल संचयन क्षमता में वृद्धि हो सके। कलक्टर ने कहा कि इस खुदाई कार्य में आमजन का सहयोग लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि तालाब क्षेत्र पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रहे।

## प्यार का अनोखा रंग: नागौर के रियांबड़ी गांव में दुल्हन बनकर आया प्रेम, और खुली समाज की परतें

चमकता राजस्थान

**मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** नागौर जिले के छोटे से गांव रियांबड़ी में प्रेम की एक ऐसी कहानी सामने आई जिसने रेगिस्तानी सन्नाटे को सवालों और सरगोशियों से भर दिया। यह कहानी सिर्फ दो दिलों की नहीं, बल्कि उन सामाजिक दीवारों की भी है जिन्हें लांघने की हिम्मत हर किसी में नहीं होती।

- **दोस्ती से शुरू हुई दास्तान, इश्क़ में ढला रिश्ता**

कहानी की शुरुआत साधारण थी–दो युवकों की दोस्ती। खेतों की पगडंडियों, गांव की चौपाल और रोजमर्रा की मुलाकातों के बीच यह दोस्ती धीरे-धीरे गहरी होती गई। वक्त के साथ एहसास बदले, नज़रों में अपनापन उतरा और रिश्ते ने प्रेम का रूप ले लिया।

लेकिन यह प्रेम आसान नहीं था। समाज की निगाहें, परिवार की उम्मीदें और परंपराओं की बेड़ियां–सब उनके रास्ते में खड़ी थीं। फिर भी दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खाईं और एक ऐसा फैसला लिया जिसने पूरे गांव को चौंका दिया।

- **जब प्रेम ने ओढ़ा दुल्हन का लिबास**

परिवार दहेज और शादी के भारी खर्चों को लेकर चिंतित था। ऐसे में अचानक ''बिना खर्च की दुल्हन'' का प्रस्ताव आया तो घरवालों ने राहत की सांस ली। रस्में निभाई गईं, मिठाइयां बंटी, ढोल बजे–और लाल जोड़े में सजी एक दुल्हन ने घर में प्रवेश किया।साड़ी, चूड़ियां, बिंदी, घूंघट और बदली हुई आवाज–सब इतना स्वाभाविक था कि किसी को शक तक नहीं हुआ।

सुबह की पहली किरण के साथ वह उठती, आंगन बुहारती, रोटियां बेलती, सास-ससुर के पैर छूती। गांव की औरतें कहतीं–''नई बहू तो बड़ी सुशील और संस्कारी है।''

सामाजिक कार्यक्रमों में 'पति' संग मुस्कुराते हुए डांस, सोशल मीडिया पर रील्स, और हर पल साथ निभाने का वादा–प्रेम जैसे खुले आकाश में सांस ले रहा था।

शक की सुई और सच का उजागर होना

- **लेकिन गांव की पैनी नजरें कब तक अनदेखा करतीं?**

कुछ महिलाओं को हाव-भाव में हल्का अंतर महसूस हुआ। धीरे-धीरे कानाफूसी बढ़ी, और एक दिन सच्चाई सामने आ गई–कथित दुल्हन दरअसल एक युवक था, जिसने प्रेम के लिए अपना रूप बदला था।

सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और दोनों को थाने ले जाकर पूछताछ की। चूंकि मामला आपसी सहमति का बताया जा रहा है और किसी पक्ष ने औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई, इसलिए कानूनी कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

## आयुर्वेदिक क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आज होगा भव्य समापन समारोह





**चमकता राजस्थान/ धौलपुर से रामदास तरुण।** उद्यम कार्यशाला, बाड़ी रोड बिजौली में 11 फरवरी 2026 से आयोजित 10 दिवसीय आयुर्वेदिक क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन 20 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में क्षारसूत्र पद्धति द्वारा विभिन्न शल्य रोगों का सफल उपचार किया गया, जिससे अनेक मरीजों को लाभ प्राप्त हुआ। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग धौलपुर डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से अवधूत संत पागल बाबा का सान्निध्य प्राप्त होगा। समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग, संभाग भरतपुर डॉ. सतीश कुमार लवानिया करेंगे। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय डॉ. सीमा अग्रवाल, वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. महेश गौतम, चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. राजीव वर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। समापन अवसर पर विशिष्ट गणमान्य नागरिकों, भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, शिविर में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों की उपस्थिति रहेगी। आयुर्वेद एवं एलोपैथिक चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि शिविर के माध्यम से आयुर्वेद की प्राचीन एवं वैज्ञानिक क्षारसूत्र पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने मीडिया के विभिन्न चैनलों एवं पत्र-पत्रिकाओं के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए समापन समारोह में अधिकाधिक सहभागिता की अपील की है।

## संवेदनहीनता की पराकाष्ठा: कार्ड बन रहे, पर नहीं मिल रही सहायता राशि और पेंशन

# दौसा अस्पताल में सिलिकोसिस मरीजों के बीच पहुँचे गहलोत बोले- आर्थिक सहायता रोकना पीड़ितों के साथ क्रूरता

### हमारी सरकार की 2013 और 2019 की जनकल्याणकारी नीतियों को ठंडे बस्ते में डालना दुर्भाग्यपूर्ण

चमकता राजस्थान

**दौसा।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को दौसा जिला अस्पताल का दौरा कर वहां उपचाराधीन सिलिकोसिस मरीजों से मुलाकात की। मरीजों की दयनीय स्थिति और आर्थिक सहायता के अभाव की जानकारी मिलने पर श्री गहलोत ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

- **कांग्रेस सरकार ने शुरू की थी सिलिकोसिस सहायता**

गहलोत ने इस दौरान रेखांकित किया कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा इस जानलेवा बीमारी को लेकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा, ₹हमारी सरकार ने ही वर्ष 2013 में प्रदेश में पहली बार सिलिकोसिस पॉलिसी बनाकर पीड़ितों को संबल दिया था, जिसमें बीमारी का पता चलने पर 1 लाख और मृत्यु पर 3 लाख रुपये का प्रावधान था। इसके बाद 2019 में हमने नई नीति लागू कर राहत राशि को बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जिसमें बीमारी का पता चलने पर 3 लाख और मृत्यु पर 2 लाख रुपये किया एवं 1500 रुपये मासिक पेंशन व पालनहार योजना जैसी सुरक्षा कवच प्रदान किए।





- **वर्तमान स्थिति पर प्रहार: सिर्फ कार्ड बन रहे, सहायता गायब**

अस्पताल में मरीजों के परिजनों से संवाद करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में स्थिति बेहद निराशाजनक है। सरकार द्वारा पोर्टल पर कार्ड तो जारी किए जा रहे हैं, लेकिन निर्धारित 3 लाख और 2 लाख रुपये की सहायता राशि महीनों से अटकी हुई है। श्री गहलोत ने कहा, ₹यह अत्यंत दुखद है कि कई मरीजों की मृत्यु के बावजूद उनके परिवारों को सहायता के लिए भटकना पड़ रहा है। सिलिकोसिस मरीज को प्रतिदिन ऑक्सीजन और दवाइयों पर भारी खर्च करना पड़ता है, ऐसे में आर्थिक सहायता रोकना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।₹

- **सांसद मुरारीलाल मीणा की पहल की सराहना**

गहलोत ने दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि उनके निरंतर हस्तक्षेप के बाद 'केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' ने एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी जल्द ही क्षेत्र का दौरा कर स्थिति की समीक्षा करेगी और पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में कार्य करेगी।

- **सरकार से मांग**

गहलोत ने राज्य सरकार से मांग की कि राजनीति से ऊपर उठकर इन गंभीर मरीजों के हक की राशि तुरंत जारी की जाए और अस्पतालों में ऑक्सीजन व दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## तनोट से पोपावास तक पहुँची 'ओरण बचाओ पदयात्रा', ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

- **पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, सामूहिक प्रार्थना का आयोजन**



**चमकता राजस्थान/जोधपुर ग्रामीण/हनुमान सिंह घंटियाला/केरू।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत पोपावास में गुरुवार सुबह 'ओरण बचाओ पदयात्रा' का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। यह पदयात्रा तनोट माता मंदिर से प्रारंभ होकर 30 दिनों की लंबी यात्रा पूरी करते हुए पोपावास स्थित भंवरसिंह उहड़ की कोटड़ी पहुँची। यात्रा का उद्देश्य ओरण भूमि के संरक्षण, सामुदायिक आस्था की रक्षा और पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। पदयात्रा के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी यात्रियों का दुपट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। गांव की महिलाओं और बुजुर्गों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अभिनंदन कर ओरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। स्वागत समारोह में गांव के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। कोटड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं की रक्षा और प्रदेश में सुख-शांति की कामना के साथ सामूहिक प्रार्थना की गई। उपस्थित ग्रामीणों और पदयात्रियों ने ओरण भूमि को अतिक्रमण और अवैध कटाई से बचाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि ओरण केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और आस्था का केंद्र है। इस अवसर पर नारवा के पूर्व सरपंच उम्मेद सिंह खीची, बेरू सरपंच महेंद्र सिंह भाटी, मान सिंह, हिम्मत सिंह, ठाकुर महेंद्र सिंह केरू, भगवान सिंह, भेरू सिंह, अगली कड़ी में सुमेर सिंह, ग्रीन मैन नरपतसिंह राजपुरोहित और भोपाल सिंह का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शक्ति सिंह पोपावास के नेतृत्व में किया गया। भंवरसिंह उहड़ परिवार की ओर से यात्रियों के लिए भोजन व प्रसादी की व्यवस्था की गई। पदयात्रा ने पोपावास में पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देते हुए जनजागरूकता की नई मिसाल पेश की।

## संक्षिप्त समाचार

### “विश्वास की वापसीः जब खाकी ने लौटाया शिक्षक का सहारा”

- गणतंत्र दिवस पर हुई चोरी का त्वरित खुलासा, विद्यालय परिवार ने पुलिस टीम का किया सम्मान




**चमकता राजस्थानध्जयपुर-धौलपुर!(खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** गत 26 जनवरी को एक ओर पूरा देश गणतंत्र दिवस के उल्लास में डूबा था, वहीं धौलपुर जिले के पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाड़ी में कार्यरत शिक्षक मनीष पचौरी के लिए यह दिन चिंता का कारण बन गया। सेढपाड़ा, बाड़ी से उनकी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। एक शिक्षक के लिए यह केवल वाहन नहीं, बल्कि प्रतिदिन विद्यार्थियों तक पहुँचने का माध्यम था।

- **तत्परता, तकनीक और टीमवर्क से सुलझा मामला**

थाना कोतवाली बाड़ी में मुकदमा नं. 29/26 दर्ज होते ही धौलपुर पुलिस अधीक्षक श्री विकास सांगवान के निर्देशों पर पुलिस टीम सक्रिय हो गई। सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच और मैन्युअल आसूचना के आधार पर अनुसंधान आगे बढ़ाया गया।बाड़ी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिलशाद उर्फ ढिल्लो (निवासी सरमथुरा) को चोरी के आरोप में तथा अन्सार (निवासी सरमथुरा) को चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी गईमोटरसाइकिल को सकुशल बरामद कर लिया गया।यह कार्रवाई केवल एक अपराध का खुलासा नहीं, बल्कि नागरिकों के विश्वास की पुनर्स्थापना थी।

- **कृतज्ञता के स्वरः विद्यालय परिवार ने जताया आभार**


पुलिस के इस सराहनीय कार्य के उपलक्ष्य में पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, किला गेट बाड़ी के शिक्षकगण थाना बाड़ी पहुँचे। थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा, अनुसंधान अधिकारी नीरज शर्मा (सहायक उप निरीक्षक), जण्डैल सिंह (सहायक उप निरीक्षक), ओमप्रकाश (हेड कांस्टेबल), कांस्टेबल सुबै सिंह, आशाराम, मनोज शर्मा देव सिंह मीणा, कृष्ण कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मियों का माला और साफा पहनाकर सम्मान किया गया।विद्यालय के प्राचार्य हरिओम सिकरवार सहित समस्त शिक्षकों ने पुलिस टीम काउत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खाकी वर्दी केवल कानून का प्रतीक नहीं, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का आश्वासन है।

- **समाज और पुलिस का सशक्त संबंध**

यह सम्मान समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं था, बल्कि समाज और पुलिस के बीच विश्वास, सहयोग और पारस्परिक सम्मान की जीवंत मिसाल बना।सच ही है“हर पल, हर दम, खाकी है संग।”

### राज्यपाल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- लोकभवन में पुष्पांजलि अर्पित कर किया स्मरण
- राष्ट्रप्रेम, सुशासन और न्यायपूर्ण व्यवस्था के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान



**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर गुरुवार को लोकभवन में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने छत्रपति शिवाजी महाराज की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों का स्मरण किया।इस अवसर पर राज्यपाल बागडे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक थे, जिनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वाधीनता, मातृभूमि की रक्षा और जनकल्याणकारी शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अदम्य साहस, दूरदर्शिता और संगठन क्षमता का परिचय देते हुए स्वराज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।राज्यपाल ने कहा कि शिवाजी महाराज केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक, न्यायप्रिय शासक और जनभावनाओं का सम्मान करने वाले दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थे। उनके शासन में प्रजा की सुरक्षा, धार्मिक सहिष्णुता, महिलाओं के सम्मान और प्रशासनिक पारदर्शिता को विशेष महत्व दिया गया। यही कारण है कि उनका व्यक्तित्व आज भी सुशासन का आदर्श माना जाता है।उन्होंने उपस्थित जनों से आ’’ान किया कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज के राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा, पराक्रम और न्याय के सिद्धांतों से प्रेरणा लें तथा उन्हें अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में अपनाएं। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में भी शिवाजी महाराज के आदर्श राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं कार्यक्रम के दौरान लोकभवन परिसर में श्रद्धा और सम्मान का वातावरण बना रहा। इस मौके उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम उनके महान जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों को स्मरण करने तथा नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बना।

---

प्रदेश में उचित मूल्य दुकानों का आवंटन पूरी तरह नियमानुसार

# जालौर में 92 दुकानें संचालित

## 23 नवसृजित; 208 आवेदनों पर पारदर्शी प्रक्रिया

### विधानसभा में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा का वक्तव्य

चमकता राजस्थान

**जयपुर(खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने विधानसभा में स्पष्ट किया कि जालौर जिले में उचित मूल्य दुकानों का आवंटन निर्धारित विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं विधिसम्मत प्रक्रिया से किया गया है। जिले में वर्तमान में 92 उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं, जिनमें 23 नवसृजित दुकानें शामिल हैं। किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होने पर जिला स्तर से प्रस्ताव मंगाकर जांच कराई जाएगी।

- **आहोर क्षेत्र की स्थिति स्पष्ट**

प्रश्नकाल के दौरान विधायक छगन सिंह राजपुरोहित के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि आहोर विधानसभा क्षेत्र में 12 दुकानें स्वीकृत हैं। इनमें से एक दुकान न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण लंबित है तथा एक के लिए योग्य आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। शेष 10 दुकानों के लिए विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है नियमानुसार 3 दुकानें दिव्यांग श्रेणी, 2 ग्राम सेवा सहकारी समितियों तथा 1 महिला स्वयं सहायता समूह को आवंटित की गई हैं।



- **प्राथमिकता एवं चयन प्रक्रिया जालौर जिले में कुल 208 आवेदन प्राप्त हुए**

चयन में प्रथम वरीयता संस्थागत श्रेणी को दी जाती है। यदि इस श्रेणी में आवेदन नहीं मिलते तो द्वितीय वरीयता के तहत व्यक्तिगत श्रेणी पर प्राथमिकता क्रम से विचार किया जाता है।एक ही श्रेणी में एक से अधिक पात्र आवेदन होने पर समिति बहुमत के आधार पर निर्णय लेती है। जिला कलक्टर का निर्णय अंतिम होता है, जबकि विवाद की स्थिति में प्रकरण राज्य सरकार को भेजा जाता है, जिसका निर्णय अंतिम माना जाता है।मंत्री गोदारा ने स्पष्ट किया कि सभी आवेदनों पर साक्षात्कार के माध्यम से विधिवत विचार कर समिति की अनुशंसा पर ही आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण की गई है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है।

- **विभागीय दिशा-निर्देशों के आधार पर कार्रवाई**

मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि 17 मार्च 2016, 25 नवंबर 2020 एवं 23 जून 2022 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही संपूर्ण प्रक्रिया अपनाई गई। साथ ही 24 सितंबर 2024 के आदेश से तहसील स्तरीय आवंटन सलाहकार समिति में गैर-सरकारी सदस्यों के मनोनयन के निर्देश जारी किए गए।17 मार्च 2016 के प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा मनोनीत गैर-सरकारी सदस्य समिति का हिस्सा होते हैं, जबकि 25 नवंबर 2020 के निर्देशों के तहत समिति प्राप्त आवेदनों पर विचार कर अपनी अभिशंषा जिला कलक्टर को भेजती है।

---

### पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत जोनस्तर पर आयोजित किये जायेगे शिविर

- 18 फरवरी से 30 मार्च 2026 तक नये आवेदन भरवाये जायेंगे

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** नगर निगम ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों जैसे हॉकर, गिग वर्कर्स, ट्रांसपोर्ट वर्कर्स, भवन निर्माण श्रमिक, रैग पिकर्स, दस्तकार आदि आजिविका चलाने वाले वेंडर्स के लिए पहल की है। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य असंगिठत श्रेत्र के वेंडर्स को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है।योजना के अन्तर्गत पात्र स्ट्रीट वेन्डर्स को बिना किसी गारंटी के कुल 90 हजार तक का ऋण तीन चरणों में उपलब्ध कराया जायेगा। प्रथम चरण में 15 हजार रूपये, द्वितीय चरण में 25 हजार रूपये तथा तृतीय चरण में 50 हजार रूपये तक का ऋण दिया जायेगा। ऋण सस्ती ब्याज दर पर मिलेगा और समय पर भुगतान करने वाले लाभार्थियों को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी का लाभ भी प्रदान किया जायेगा।

- **डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से योजना में कैशबैक की सुविधा भी शामिलः- उपायुक्त शयाम जांगिड़**

उपायुक्त शयाम जांगिड़ ने बताया कि डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के उद्देस्य से योजना में कैशबैक की सुविधा भी ’ शामिल की गई है, जिससे वेंडर्स को डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। नगर निगम जयपुर के अनुसार योजना के तहत दिनांक 18.02.2026 से 30.03.2026 तक नये आवेदन भरवाये जाने एवं लम्बित आवेदनों की ऋण स्वीकृति व वितरण हेतु जोनवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नये आवेदन पत्र भरवाये जाने एवं बैकों से लम्बित आवेदनों की ऋण स्वीकृत एवं वितरण करवाये जाने हेतु जोन वार शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। शिविर मालवीय नगर जोन में 18 से 19 फरवरी 2026 एवं 25 मार्च 2026, जगतपुरा/झालाना जोन में 20 फरवरी 2026, 23 फरवरी 2026 एवं 27 मार्च 2026, सांगानेर जोन में 24 से 25 फरवरी 2026 एवं 30 मार्च 2026, झोटवाड़ा/वैशाली नगर में 26 से 27 फरवरी 2026, मानसरोवर जोन में 04 से 5 मार्च 2026, मुरलीपुरा जोन में 06 मार्च 2026 एवं 09 मार्च 2026, विद्याधर नगर जोन में 10 से 11 मार्च 2026, आदर्श नगर जोन में 12 से 13 मार्च 2026, किशनपोल जोन में 16 से 17 मार्च 2026, सिविल लाईन जोन में 18 से 19 मार्च 2026 एवं हवामहल आमेर जोन में 23 से 24 मार्च 2026 को षिविर आयोजित किये जायेगे।

- **अधिक जानकारी एवं आवेदन भरवाए जाने हेतु संपर्क सूत्रः-**

मालवीय नगर जोनः-9511500260, जगतपुरा/झालान जोनः-9829099564, सांगानेर जोनः- 9587286143, झोटवाडा/वैशाली नगर जोनः- 9649858998, मानसरोवर जोनः- 9351562862, मुरलीपुरा जोनः- 7877513991, विधाधर नगर जोनः-7023076222, आदर्श नगर जोन व किशनपोल जोनः- 9351512183, सिविल लाईन जोनः- 9529119477, हवामहल आमेर जोनः- 8690091314

---

## जयपुर विकास प्राधिकरण की जेडीए जोन 23 एवं जोन 14 में सख्त कार्रवाई

- 21 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रहीं 4 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त
- बिना अनुमति और बिना भू रुपांतरण कृषि भूमि पर कॉलोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध जारी रहेगी निरंतर कठोर कार्रवाईः- राहुल कोटोकी






चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-23 और जोन-14 में करीब 21 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर विकसित की जा रही 4 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त कर दिया।महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में ग्राम बाड़ बागपुरा (तहसील चाकसू) में 14 बीघा तथा ग्राम वाटिका, भाटेड़ रोड क्षेत्र में 7 बीघा भूमि पर बिना जेडीए स्वीकृति और बिना भू-रूपांतरण के बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कों, पोल, झंडों व अन्य अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीनों से हटाया गया।प्रवर्तन दल ने राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कॉलोनियां बसाने के प्रयास को विफल कर दिया।जेडीए का स्पष्ट संदेशः बिना अनुमति कृषि भूमि पर कॉलोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

---

कान्हा रेस्टोरेंट और सहयोगियों पर आयकर की बड़ी कार्रवाई

# दीवार के पीछे बना मिला ‘स्ट्रांग रूम’, करोड़ों की ज्वैलरी बरामद

## 1 करोड़ नकद जब्त, 9 बैंक लॉकर सामने आए; कई शहरों में सर्च जारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर। ( खलील कुरैशी)** आयकर विभाग द्वारा कान्हा रेस्टोरेंट और उससे जुड़े प्रतिष्ठानों पर की गई व्यापक छापेमारी गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रही। कार्रवाई बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक साथ 33 ठिकानों पर शुरू की गई थी।

- **26 ठिकानों पर जयपुर में सर्च**

जयपुर में 26 स्थानों सहित आमेर स्थित दो आलीशान होटलों—ताज और कूकस स्थित कुंदन वन—में सघन तलाशी ली जा रही है। ये दोनों होटल कान्हा रेस्टोरेंट समूह की संपत्ति बताए जा रहे हैं।इसके अलावा उदयपुर, श्रीगंगानगर, करौली, कोटा, हिंडौन और मुंबई में भी रेस्टोरेंट से जुड़े कार्यालयों व अन्य परिसरों पर कार्रवाई की गई है।

- **दीवार के पीछे छिपा स्ट्रांग रूम**

सूत्रों के अनुसार जयपुर के एक आवासीय परिसर में दीवार के पीछे गुप्त रूप से बनाया गया स्ट्रांग रूम मिला है। इसे खोलने पर करोड़ों रुपये की ज्वैलरी बरामद हुई, जिसका प्रारंभिक मूल्यांकन लगभग 5 करोड़ रुपये बताया जा रहा है

- **नकदी और लॉकर की जांच**

अब तक की कार्रवाई में आयकर विभाग ने करीब 1 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। साथ ही 9 बैंक लॉकर की जानकारी सामने आई है, जिन्हें खुलवाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। लॉकरों में रखी सामग्री का विधिवत मूल्यांकन कराया जाएगा।

- **अहम दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डेटा जब्त**

टीमों ने कई महत्वपूर्ण फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक डेटा भी जब्त किया है। विभाग इन दस्तावेजों की गहन जांच कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही करोड़ों रुपये की संभावित कर चोरी का खुलासा हो सकता है आयकर विभाग की कार्रवाई फिलहाल जारी है और आगामी दिनों में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

---

आरकेसीएल 2026 में वार्षिकोत्सव में बना राजस्थान में नंबर-7 वा संस्थान

# राजस्थान के दौसा जिले में सैनी कंप्यूटर कॉलेज ने एक बार फिर से रच दिया इतिहास

चमकता राजस्थान

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** दौसा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता के लिए पहचाने जाने वाली संस्थाओं में से एक सैनी कंप्यूटर कॉलेज एवं सीएससी एकेडमी,दौसा ने पूरे प्रदेश में दौसा जिले का नाम रोशन किया है। राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरकेसीएल) द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव 2026 में संस्थान को संपूर्ण राजस्थान में सर्वश्रेष्ठ 7 वा स्थान में आने पर विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है। आरएससीआईटी द्वारा यह सम्मान संस्थान को कई कड़े मापदंडों पर खरा उतरने के लिए दिया गया है, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैंः बेहतरीन परीक्षा परिणामः आरएससीआईटी, आरएससीएफए और स्पोकन इंग्लिश कोर्स में विद्यार्थियों का प्रतियोगिता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कराने में सक्षम रहि है। डिजिटल एवं नवीन तकनीकः आधुनिक लैब और ले-टेस्ट टीचिंग टूल्स के माध्यम से हाई-टेक शिक्षा। रोजगारोन्मुख शिक्षाः केवल सर्टिफिकेट नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को स्किल्ड बनाकर रोजगार के काबिल बनाना।





गुणवत्तापूर्ण प्रबंधनः शिक्षा के स्तर और अनुशासन में प्रदेश भर में अव्वल मानी जाने वाली संस्थाओं में से एक संस्थान जो की सैनी कंप्यूटर कॉलेज एवं सीएससी एकेडमी के नाम से राजस्थान में दौसा जिले में वार्षिकोत्सव के दौरान इस संस्थान को सम्मानित किया गया।
आरकेसीएल के उच्चाधिकारियों ने सैनी कंप्यूटर कॉलेज की टीम को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी भेंट कर नवाजा गया। अधिकारियों ने संस्थान के 'डिजिटल लर्निंग मॉडल' की सराहना करते हुए इसे अन्य केंद्रों के लिए एक मिसाल के रूप में बताया गया जो कि अन्य संस्थाओं के लिए भी एक प्रेरणा का एक विषय है।

---

### मंत्री कर्नल राज्य वर्धन राठौड़ का प्रदेश में 15 रुपए में उद्योग लगाने का दावा

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** विधानसभा में उद्योग, निवेश, खेल और युवा सशक्तिकरण पर अनुदान मांगों के जवाब में उद्योग मंत्री कर्नल राज्य वर्धन राठौड़ ने प्रदेश में 15 रुपए में उद्योग लगाने का दावा करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यशैली का मूल मंत्र 'नीति, नीयत हमने निवेश के लिए सरल नीतियां बनाई, जिससे मात्र 15 रुपए में कोई भी उद्योग लगा सकता है। 181 सेवाएं सिंगल विंडो से जोड़ी हैं। पिछली सरकार के खेलों के आयोजन पर मंत्री ने कहा कि पूर्व सीएम की फोटो वाली टी शर्ट बांटने में 100 करोड़ रुपए खर्च हो गए। हमने भी 108 करोड़ खर्च किए और 7 शहरों में खेलों का आयोजन कराया। लेकिन किसी का फोटो नहीं लगाया। सरकार को 30 हजार स्वरोजगार आवेदन प्राप्त हुए हैं और 1 लाख नए उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 1786 खिलाड़ियों को 40 करोड़ प्रोत्साहन राशि दी है। 186 खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में नियुक्ति दी। खेलो इंडिया में 60 पदक जीतकर राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर रहा। शूटिंग में 32 स्वर्ण पदकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं आदर्श नगर विधायक रफीक खान का नाम लेकर मंत्री ने कई तंज कसे। उन्होंने कुटीर से लेकर लघु उद्योगों को लेकर रफीक द्वारा उठाए सवालों के जवाब में कहा कि एक एक का जवाब दूंगा।



## संक्षिप्त समाचार

### आसीन्द में पुलिस थानों व चौकियों में रिक्त पदों को शीघ्र भरेंगे : गृह राज्य मंत्री

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)19 फरवरी।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि आसीन्द विधानसभा क्षेत्र में पुलिस कॉन्स्टेबल से लेकर सहायक उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक तथा वृत निरीक्षक के रिक्त पदों को जल्द ही भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 10 हजार पुलिस कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के विरुद्ध 8 हजार 557 पदों पर नियुक्ति दे दी गई है। शेष पदों पर भी दस्तावेज सत्यापन सहित सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही नियुक्ति दी जा रही है। बेढ़म प्रश्नकाल के दौरान विधायक जब्बर सिंह सांखला द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का गृह मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। इससे पहले सदस्य द्वारा पूछे गये मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र आसीन्द में पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय, पुलिस थानों व चौकियों में उपनिरीक्षक के 06 पद, सहायक उप निरीक्षक के 08 पद, हैड कॉन्स्टेबल के 18 पद एवं कॉन्स्टेबल के 15 पद रिक्त हैंक उन्होंने बताया कि समय- समय पर सीधी भर्ती एवं पदोन्नति परीक्षाओं का आयोजन किया जाकर रिक्त पदों को भरा जा रहा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जोधपुर दौरे पर

- **मूर्ति अनावरण और कॉलेज कैंपस का करेंगे शुभारंभ**

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर जोधपुर पहुंचेंगे। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ रात्रि विश्राम भी करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गहलोत सुबह 10:30 बजे जयपुर से रवाना होकर इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट से 11:35 बजे जोधपुर पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे।शाम 4 बजे वे स्वर्गीय जितेंद्र गोदारा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके पश्चात बनाड़ स्थित नव-निर्मित एसएलबीएस कॉलेज कैंपस का उद्घाटन करेंगे।राजनीतिक दृष्टि से यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निकाय चुनाव से पूर्व गहलोत संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे तथा जमीनी स्तर की स्थिति का फीडबैक भी लेंगे।



### शिवाजी महाराज जयंती पर आगरा में भव्य समारोह

- **राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सहित कई गणमान्य अतिथियों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन**
- **महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल व यूपी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय रहे उपस्थित**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी)19 फरवरी।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उत्तरप्रदेश के आगरा में आयोजित भव्य समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भाग लिया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री आशीष सेलार तथा उत्तरप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अपने संबोधन में शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि समानता, न्याय और सुशासन के आदर्श प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज की जीवन पद्धति राष्ट्र निर्माण, स्वाभिमान और जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित थी, जो आज भी प्रासंगिक और प्रेरणास्पद है।समारोह में उपस्थित जनसमूह ने भी श्रद्धा और उत्साह के साथ शिवाजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।




### टोंक में नकली दूध कांड पर सख्त-प्रभावी कानूनी कार्रवाई

- **खाद्य सुरक्षा अधिकारी एपीओ, दो कॉन्स्टेबल निलंबित**



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)** डिग्गी कस्बे में पकड़ी गई नकली दूध फैक्ट्री मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर को एपीओ (Awaiting Posting Order) कर दिया है, जबकि डिग्गी थाने के दो पुलिस कॉन्स्टेबल को निलंबित किया गया है। कार्रवाई विभागीय लापरवाही और संदिग्ध भूमिका के आधार पर की गई है।2 जनवरी को जिला स्पेशल टीम (DST) और डिग्गी थाना पुलिस ने संयुक्त छापेमारी में 5500 लीटर मिलावटी दूध, पांच पिकअप, एक टैंकर तथा सोयाबीन ऑयल, वनस्पति घी, दूध पाउडर व केमिकल बरामद किए थे। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में प्रतिदिन करीब 80 हजार लीटर तक नकली दूध तैयार कर सप्लाई किया जा रहा था। पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।छापे से पूर्व लिए गए दूध के नमूनों की लैब रिपोर्ट में दूध को मानक अनुरूप बताया गया था, जिससे अब रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने कार्रवाई की है। प्रकरण की जांच जारी है।

---

महानिदेशक साइबर क्राइम संजय अग्रवाल की सरकारी कर्मचारियों को सलाहः

# सावधान : 8वें वेतन आयोग के नाम पर खाली हो सकता है आपका बैंक खाता, साइबर पुलिस की बड़ी चेतावनी

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाने के लिए साइबर ठगों ने अब 8वें वेतन आयोग का सहारा लेना शुरू कर दिया है। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राज्य साइबर पुलिस ने एक विशेष एडवाइजरी जारी कर आमजन और विशेषकर सरकारी कर्मचारियों को सतर्क रहने को कहा है। ठग व्हाट्सएप के जरिए सैलरी कैलकुलेटर का लालच देकर लोगों की जमापूंजी पर डाका डाल रहे हैं।

## सैलरी कैलकुलेटर के झांसे में न आएं

- **सुरक्षा के गोल्डन रूल्स**

किसी भी अनजान नंबर से आए लुभावने मैसेज या फाइल पर क्लिक न करें।ऐसे मैसेज मिलने पर फाइल डाउनलोड करने के बजाय मैसेज को तुरंत डिलीट करें और उस नंबर को रिपोर्ट व ब्लॉक करें। केवल सरकारी वेबसाइटों पर ही अपनी सर्विस डिटेल्स चेक करें।कभी भी गूगल प्ले स्टोर के बाहर से कोई थर्ड-पार्टी ऐप इंस्टॉल न करें।

- **शिकार होने पर करें संपर्क**

यदि आप या आपके आसपास कोई इस तरह की ठगी का शिकार होता है, तो घबराएं नहीं और तत्काल इन माध्यमों से सूचना दें। तत्काल रिपोर्टिंग के लिए नेशनल हेल्पलाइन नम्बर 1930, ऑनलाइन पोर्टल https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। अथवा साइबर हेल्पडेस्क 9256001930 या 9257510100 पर संपर्क करें।



- **कैसे बुना जाता है ठगी का जाल**

डीजीपी अग्रवाल ने बताया कि साइबर अपराधी सरकारी कर्मचारियों के व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर दावा करते हैं कि नए वेतन आयोग के तहत उनकी सैलरी में भारी बढ़ोतरी होने वाली है। मैसेज में बढ़ी हुई सैलरी चेक करने के लिए एक सैलरी कैलकुलेटर का लिंक दिया जाता है।इस लिंक के जरिए एक एपीके फाइल डाउनलोड करने का दबाव बनाया जाता है। जैसे ही कोई कर्मचारी इस फाइल को इंस्टॉल करता है, उसके मोबाइल का पूरा कंट्रोल गुप्त रूप से ठगों के पास चला जाता है। इसके बाद ठग मोबाइल से ओटीपी, नेट बैंकिंग क्रेडेंशियल्स और निजी जानकारी चुराकर बैंक खाते से पैसे उड़ा देते हैं।

- **सरकार व्हाट्सएप पर फाइल नहीं भेजती**

डीजीपी अग्रवाल ने बताया कि सरकार या कोई भी आधिकारिक विभाग वेतन संबंधी गणना के लिए कभी भी व्हाट्सएप पर एपीके फाइल या सॉफ्टवेयर नहीं भेजता है। अनवेरिफाइड सोर्स से ऐप डाउनलोड करना अपने बैंक की चाबी चोरों को देने जैसा है। वेतन या पेंशन की कोई भी जानकारी केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल पर ही उपलब्ध होती है।

---

# प्रश्नकाल में केवल प्रश्न-उत्तर, वाद-विवाद नहीं : देवनानी

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज गुरुवार को सदन की कार्यवाही के दौरान स्पष्ट व्यवस्था देते हुए कहा कि प्रश्नकाल का उद्देश्य केवल सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करना है, न कि वाद-विवाद या विस्तृत चर्चा करना।स्पीकर देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें जनप्रतिनिधि सरकार से जनहित से जुड़े मुद्दों पर तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करते हैं। अतः प्रश्नकाल के दौरान अनावश्यक बहस, आरोप-प्रत्यारोप या विषयांतर चर्चा से बचना चाहिए। उन्होंने सभी माननीय सदस्यों से कहा कि वे नियमों एवं परंपराओं का पालन करते हुए संक्षिप्त एवं स्पष्ट प्रश्न पूछें तथा मंत्रीगण भी निर्धारित विषय पर सटीक और तथ्यात्मक उत्तर दें. जिससे सदन की कार्यवाही सुचारु, मर्यादित और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इससे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सदन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है। देवनानी ने कहा कि पूर्व में दी गई अध्यक्षीय व्यवस्था में अनुपूरक प्रश्न मूल प्रश्न से ही संबंधित होना चाहिये। सदस्य को दो ही पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति है।



### सुशासन की दिशा में जेडीए का बड़ा निर्णय

- **आरक्षण पत्र जारी करने की प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन**
- **जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने सभी अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**



**चमकता राजस्थान/जयपुर,(खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने आरक्षण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को एंड-टू-एंड ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशानुसार अब संपूर्ण कार्यवाही पोर्टल आधारित होगी तथा अधिकृत अधिकारी द्वारा ई-साइन किए गए आरक्षण पत्र सीधे ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे।नई व्यवस्था के तहत आवेदक घर बैठे अपने प्रकरण की रियल-टाइम स्थिति देख सकेंगे तथा उप आयुक्त की अंतिम टिप्पणी व्हाट्सऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, समय की बचत होगी और कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर समाप्त होंगे।आयुक्त महाजन ने संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों को तीन वर्ष से अधिक पुराने लंबित प्रकरणों एवं लिगेसी डेटा का परीक्षण कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व में जारी मैनुअल आरक्षण पत्रों का चरणबद्ध डिजिटलीकरण कर उन्हें वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है।यह पहल प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जेडीए का महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### स्पीकर देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'सेवा तीर्थ' से कार्यारंभ पर सदन में दी बधाई

- **सेवा तीर्थ से राष्ट्र हित में लिए जाने वाले निर्णय देश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे**
- **सदन में विधायकगण ने मेजें थपथपाकर करतल ध्वनि से दी प्रधानमंत्री को बधाइयां**




**चमकता राजस्थान/जयपुर(खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को सदन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार से नवीन कार्यालय 'सेवा तीर्थ' से कार्य प्रारंभ किया है। श्री देवनानी ने इसके लिए राजस्थान विधानसभा की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्रधानमंत्री को सदन में विधायकगण ने मेजें थपथपाकर करतल ध्वनि से बधाई दी स्पीकर देवनानी ने सदन में कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री ने 'सेवा तीर्थ से अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ किया है। यह राष्ट्र सेवा के प्रति उनके समर्पण और संकल्प का प्रतीक है। राजस्थान विधान सभा की ओर से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां। देवनानी ने कहा कि हम सभी को पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज से राष्ट्र हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे, जो देश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नागरिक देवों भव की भावना से प्रेरित होकर कर्तव्य भवन और लोक कल्याण मार्ग को भी राष्ट्र को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री के ये निर्णय सेवा का संकल्प के साथ समाज के हर वर्ग तक पहुंच को साकार करेगा।

### जामिया मिल्लिया इस्लामिया में पहली अफ़्तारी में शामिल हुए इमरान प्रतापगढ़ी

- **रमज़ान पाकी, तकवा,सब्र, एकता, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीकः- इमरान प्रतापगढ़ी**



**चमकता राजस्थान/जयपुर/नई दिल्ली! (खलील कुरैशी)।** पवित्र रमज़ान माह की शुरुआत के अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित पहली सामूहिक अफ़्तारी में राज्यसभा सांसद एवं प्रख्यात शायर इमरान प्रतापगढ़ी ने विद्यार्थियों के साथ शिरकत की। इस अवसर पर परिसर में आध्यात्मिकता, सौहार्द और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

- **इमरान प्रतापगढ़ी ने रमज़ान के पवित्र माह में दिया एकता, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश**

इमरान प्रतापगढ़ी ने छात्रों के बीच बैठकर रोज़ा इफ्तार किया और रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह महीना आत्मअनुशासन, त्याग, सेवा और इंसानियत का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आ''ान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को भी आत्मसात करें और देश की सकारात्मक ऊर्जा बनें।अफ़्तारी कार्यक्रम में बड़ी संख्या मेंछात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। खजूर, फल और पारंपरिक व्यंजनों के साथ सामूहिक दुआ की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रतापगढ़ी से संवाद कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा भी की।यह आयोजन न केवल रमज़ान की आध्यात्मिक भावना को सुदृढ़ करने वाला रहा, बल्कि विश्वविद्यालय परिसर में आपसी भाईचारे, संवाद और सकारात्मक सोच का प्रभावी संदेश भी छोड़ गया।

### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को भेंट की गई 'उम्र 18 की'

- **युवा लेखक हर्षवर्धन पाण्डेय की साहित्यिक पहल को सराहना**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को युवा लेखक हर्षवर्धन पाण्डेय ने अपनी नवीन कृति 'उम्र 18 की' ससम्मान भेंट की। यह भेंट शिष्टाचार मुलाकात के दौरान प्रदान की गई, जिसमें साहित्य, युवा सृजन और समाज में सकारात्मक चिंतन की भूमिका पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई देवनानी ने पुस्तक प्राप्त करते हुए लेखक के प्रयासों की सराहना की और कहा कि युवा अवस्था में साहित्य सृजन की ओर अग्रसर होना न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि'उम्र 18 की' जैसी कृतियाँ युवाओं को चिंतन, संवेदनशीलता और रचनात्मक अभिव्यक्ति की दिशा में प्रोत्साहित करेंगी।युवा लेखक हर्षवर्धन पाण्डेय ने बताया कि उनकी यह कृति युवावस्था के अनुभवों, भावनाओं और सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्त करती है। पुस्तक के माध्यम से उन्होंने नई पीढ़ी के मनोभावों और सपनों को शब्द देने का प्रयास किया है।इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के जनसम्पर्क अधिकारी (पी.आर. ओ.) डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी युवा लेखक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल साहित्यिक भविष्य की कामना की।यह भेंट कार्यक्रम साहित्य और जनप्रतिनिधित्व के समन्वय का एक सकारात्मक उदाहरण रहा, जिसमें युवा रचनाशीलता को प्रोत्साहन देने का संदेश निहित है।



---

प्रथम चरण के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण आरंभ

# जनगणना 2027 के तहत दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 फरवरी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत नगर निगम जयपुर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में जिला एवं चार्ज अधिकारियों के लिए दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 19 एवं 20 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है।शिविर का उद्घाटन जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक विष्णु चरण मल्लिक ने किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल, निगम के उपायुक्तगण, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी (ए.ड.) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्यः जनगणना 2027 को सफल, सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न करना




- **निदेशक विष्णु चरण मल्लिक ने डाला प्रकाश**

निदेशक विष्णु चरण मल्लिक ने प्रशिक्षण की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी। यह पहल पारदर्शिता, शुद्धता एवं त्वरित डाटा संकलन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को उटटर पोर्टल, स्वगणना एप तथा जनगणना 2027 के अंतर्गत आम नागरिकों से पूछे जाने वाले प्रश्नों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल उपकरणों के माध्यम से डाटा संकलन, अपलोडिंग और सत्यापन की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 मई से 15 मई 2026 तक स्वगणना (Self Enumeration) का कार्य किया जाएगा।16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य संपादित किया जाएगा।प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य अधिकारियों को तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक रूप से दक्ष बनाकर जनगणना 2027 को सफल, सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि उपज मण्डी डग में किसान संघ मंत्री मण्डी सचिव एवं व्यापारी की बैठक सम्पन्न

- 20 फरवरी से डग कृषि उपज मण्डी में नीलामी शुरू



**चमकता राजस्थान/डग-19फरवरी(कुन्दन व्यास)।** कृषि उपज मण्डी डग में जिन्स रबि फसल की मण्डी में निलामि का कार्य शुरू करने के लिए आज सचिव की अध्यक्षता में सभी व्यापारियों किसान संघ तहसील मंत्री व मंण्डी कर्मचारीयों की उपस्थिति में बैठक रखी गई है जिसमें निलामि का कार्य दिनांक 20.02.2026 (शुक्रवार ) को चालू किया जाएगा समय 11 बजे से रहेगा अतः सचिव ने सभी व्यापारियों को निर्देश दिया है कि कोई भी व्यापारी मंण्डी के बाहर अपने प्रतिष्ठान पर किसी भी जिन्स (फसल)की खरिदारी ना करे अगर खरिददारी करते हुए कोई भी व्यापारी पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

### भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए नियमित सहायकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य हेतु जिला एवं चार्ज स्तर (शहरी/ग्रामीण) के नियमित सहायको का तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण गुरूवार को साइंस अकेडमी, विनोद नगर, ब्यावर में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री ब्रह्म लाल जाट की अध्यक्षता में किया गया। यह प्रशिक्षण 19 फरवरी से 21 फरवरी, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी ने नियमित सहायको को निर्देशित किया कि चार्ज स्तर पर नियुक्त सभी नियमित सहायक तकनीकी प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझें तथा प्रायोगिक अभ्यास को प्राथमिकता दें, ताकि जनगणना कार्य का सफल एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सकें ।उक्त प्रशिक्षण शिविर में चार्ज स्तर के नियमित सहायकों को जनगणना 2027 हेतु तैयार किये गये ऑनलाईन पोर्टल CMMS, HLBC Web Application, HLO Mobile App के बारे में जनगणना कार्य निदेशालय से पधारे प्रशिक्षित प्रशिक्षकों दिनेश रेगर एवं करण यादव द्वारा सम्पूर्ण प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### लेखन प्रतियोगिता का आयोजन




**चमकता राजस्थान/डग-19फरवरी (कुन्दन व्यास)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय डग,जिला झालावाड़ में स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्ता मानकों के प्रति जागरूक करना तथा भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस) की भूमिका के बारे में जानकारी देना था।

स्थानीय विद्यालय के मेंटोर शिक्षक गिरीश राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में रामनिवास मीणा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लिया ।उन्होंने बी.आई.एस के कार्य,आई एस आई मार्क के महत्व तथा उपभोक्ता सुरक्षा में मानकों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बी.आई.एस उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है, जिससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित और मानक उत्पाद प्राप्त होते हैं।

प्रतियोगिता में दो दो के समूह में कुल 32 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गुणवत्ता जागरूकता विषय पर लेखन कर अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें प्रथम स्थान निशिका सोनी,द्वितीय इरम नाज़ दृष्टि जैन,वंशिका सोलंकी,तृतीय स्थान सोनिया कुंवर,अलवीरा तथा चतुर्थ स्थान शीनम खान,तंजिला खान ने प्राप्त किया ।निर्णायक के रूप हरिओम मीणा,विक्रम सिंह,उमा गोयल, रचना,कुंदन मीणा ने अपनी विशेष भूमिका निभाई

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य देवी लाल सैनी एवं समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया ।कार्यक्रम का समापन गुणवत्ता अपनाने के संदेश के साथ हुआ।

### एलाना में दो मौत प्रकरणों का पर्दाफाश

**चमकता राजस्थान/बिशनगढ़।** थाना क्षेत्र के एलाना में दो मौत प्रकरणों का पर्दाफाश, आरोपी मांगीलाल चौधरी गिरफ्तार, पहले खेत में करंट से जान गवाने वाले बुटाराम भील के शव को भाई तेजाराम के साथ मिलकर किया खुर्दबुर्द, फिर पुलिस के नार्को टेस्ट के प्रार्थना पत्र को देख भाई के सच बोलने की आशंका पर भाई तेजाराम की कुल्हाड़ी मारकर कर दी हत्या और आरोप बुटाराम भील के परिवार पर जड़ा, मांगीलाल पूर्व में सगे साले की हत्या के आरोप में जेल में रह चुका।

केंद्रों पर औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

# सहारनपुर: सीसीटीवी के सख्त पहरे में बोर्ड परीक्षा, डीएम-एसएसपी ने संभाली कमान

चमकता राजस्थान

**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शी और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने जिले के संवेदनशील परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं की जमीनी



हकीकत परखी। अधिकारियों के काफिले ने बीएचएस इंटर कॉलेज और कर्मचंद चंडी प्रसाद आर्य कन्या इंटर कॉलेज सहित कई केंद्रों पर पहुंचकर अचानक धावा बोला, जिससे वहां तैनात कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी ने न केवल परीक्षा कक्षों का जायजा लिया, बल्कि स्ट्रॉन्ग रूम की सील, सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इसके उपरांत कंट्रोल रूम पहुंचे अधिकारियों ने लाइव स्क्रीन के माध्यम से विभिन्न केंद्रों की गतिविधियों को देखा और स्पष्ट किया कि हर केंद्र पर 'तीसरी आंख' का कड़ा पहरा है। जिला मजिस्ट्रेट ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य होगी, वहीं एसएसपी ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों की गहन चेकिंग के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी छात्र को केंद्र तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो। प्रशासन की इस सक्रियता ने साफ कर दिया है कि जिले में नकल माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं है और मेधावी छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सोजत में जहाँ मोबाइल शॉप में बड़ी चोरी,वही काका चौराहा पर मजदूरों मे लाठी भाटा जंग

चमकता राजस्थान

**हितेष भाटी/सोजत।** सीजत में आए दिन चोरी की वारदाते बढ़ रही हे ज्ञातव्य रहे कि स्थानीय काका चौराहा पर तीन दिन पहले रात्रि को मोबाइल की दुकान के शटर तोड़ कर कीमती मोबाइल अज्ञात चोर चुरा कर ले गए जिनकी क़ीमत क़रीब अस्सी लाख परिवादी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा हे ।जानकारी में आया हे की उस दिन सोजत शहर की अधिकाश बस्तियों की बिजली बंद होना और रोड लाइट भी चोरी की घटना के वक्त बंद रहना चर्चा का विषय बना हुवा हे,होम गार्ड और पुलिस बीट अधिकारी की नजदीक में भी रात्रि गश्त नहीं होना प्रश्नवाचक विषय हे, सी सी कैमरे फुटेज से भी पुलिस अभी तक अभियक्तों के नजदीक नहीं पहुँच पाई जिससे जनता में



आक्रोश हुवा व्यापारियों के संगठन ने उपखण्ड अधिकारी मासिगराम को ज्ञापन भी दिया लेकिन संतोषप्रद जबाब नहीं मिला । बड़े आश्चर्य की बात है कि उसी काका चौराहे पर बाहर से आए मजदूरों की मंडी लगती है जिनमे मजदूरों के दो गुटों में पुरुषों,महिलाओ में अचानक कहासुनी होकर लाठी भाटा जंग शुरू हो गई दोनों गुटों में पेसो के लेन देन को लेकर झगड़ा हुवा चौराहे पर कन्या स्कूल भी हे,बसो का ठहराव स्थल हे आमजन का आवागमन रहता हे। लाठी भाटा जंग से काफी समय तक जाम हो गया महत्व पूर्ण बात यह हे कि काका चौराहे पर लगे सीसी कैमरे लंबे समय से बंद हे नजदीक ही उपखण्ड कार्यालय और नगरपालिका कार्यालय स्थित हे लेकिन वहा से कोई सुरक्षात्मक कार्यवाही नहीं की गई बहुत देर बाद पुलिस मौके पर आई और समझाईस कर मामले को इतिश्री कर दिया सोजत के लिए यह सवाल आज भी खड़ा हे कि काका चौराहे पर बाहरी प्रदेश के आए लोग बिना सत्यापन के कैसे रहकर सोजत को अशांत करने का इरादा रखते हे या अपराधिक षडयंत्र की सुविधायुक्त सस्ती मंडी बनाने का इरादा रखते हे ।इसका स्थाई समाधान जनता चाहती हे ।जागरूक जनप्रतिनिधि मंडल गौतम तंवर, गणपत बोराना, मोहनलाल व्यापार मंडल, गजेंद्र सांखला बजरंग दल, मानवेन्द्र भाटी विश्वहिंदू परिषद, महेंद्र पालरिया, गजेंद्र सोनी अधिवक्ता , धनपत प्रजापत, विशाल जैन, घनश्याम लखानी , हितेश परिहार ने पुख्ता स्थाई सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की

### नगर निगम की अनूठी पहलः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मनाएंगे 'गोमय गुलाल' से होली








**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला ने इस वर्ष होली के पर्व को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। गौशाला में गाय के गोबर और प्राकृतिक तत्वों के मिश्रण से पांच आकर्षक रंगों भगवा, पीला, गुलाबी, हरा और लाल में 'गोमय गुलाल' तैयार किया गया है। यह गुलाल न केवल पूरी तरह केमिकल मुक्त और त्वचा के लिए सुरक्षित है, बल्कि 'बायो-डिग्रेडेबल' होने के कारण प्रकृति के भी अनुकूल है। इस पहल की महत्ता को देखते हुए, यह विशेष गुलाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश की प्रमुख हस्तियों को भेजा जा रहा है। महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि के नेतृत्व में शुरू की गई यह परियोजना गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने और 'वेस्ट टू वेल्थ' के सिद्धांत को धरातल पर उतारने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध यह गुलाल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ श्रद्धा और स्वच्छता के संगम का प्रतीक बन गया है।

## विवाह : कुमावत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में 22जोडे बनें हमसफ़र

चमकता राजस्थान

**जोबनेर/ मोना कुमावत।** कस्बे के फुलेरा बोराज मार्ग स्थित कुमावत समाज धर्मशाला में गुरुवार को 22वा सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 22 जोड़ो का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय बंधन में बंधे सामूहिक विवाह की दूल्हों की भव्य वर शोभायात्रा के साथ हुई। बैण्ड-बाजों की मधुर धुन पर निकली बारात मुख्य मार्गों से होती हुई कुमावत समाज धर्मशाला परिसर पहुंची, जहां बारात का स्वागत कर सामूहिक तोरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह स्थल पर सजे भव्य पंडाल में परिजनों और अतिथियों



की मौजूदगी में सुबह को पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 22जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार कराया। समिति के द्वारा प्रत्येक जोड़े को सोने का कांटा, चांदी की पायजेब, मंगलसूत्र, अंगूठी, चुटकी सहित घरेलू उपयोग का सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और विवाह जैसी पवित्र परंपरा को सरल एवं सुलभ बनाना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के लोगों ने उत्साहपूर्वक इस अवसर पर समाजसेवी महेंद्र सिक्का, राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकार श्रीराम कुमावत दातरामगढ पार्टी के द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुत दी पूर्व विधायक फुलेरा निर्मल कुमावत पूर्व प्रधान कैलाश कुमावत, राजस्थान प्रसिद्ध कथावाचक प चन्द्र प्रकाश शास्त्री समिति अध्यक्ष पन्ना लाल कुमावत भींवाराम दम्बीवाल, बाबूलाल, नन्दकिशोर कूदीवाल, सीताराम बडीवाल, दिलीप कुमावत, अरुण कुमावत, बाबूलाल सिरोहिया, रामस्वरूप खोराणियां, हनुमान सहाय किरोड़ीवाल, गुलाब देवी जी बड़ीवाल मंच संचालक प्रभु दयाल पिपलोदा करड ने 22साल से अपनी सेवाएं दे रहे हैं समाहूहिक विवाह सम्मेलन में सहित समस्त समाज बिन्दू उपस्थित रहे।

### सहारनपुर पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन': चार थानों की ताबड़तोड़ कार्रवाई में शातिर चोर, गौकश और वारंटी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआईजी अभिषेक सिंह के कड़े रुख और एसएसपी अभिनंदन सिंह के कुशल दिशा-निर्देशन में जनपद पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध एक बड़ा अभियान छेड़ते हुए महत्वपूर्ण सफलताएं अर्जित की हैं। एसपी सिटी व्योम बिंदल और एसपी देहात सागर जैन की देखरेख में थाना फतेहपुर, चिलकाना, नानौता और गंगोह की पुलिस टीमों ने सख्त कार्रवाई करते हुए अपराध जगत से जुड़े कई चेहरों को सलाखों के पीछे भेजा है। इस कड़ी में थाना फतेहपुर प्रभारी विनय शर्मा और चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार की टीमों ने न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए शातिर वारंटी शिवम और फरमान को गिरफ्तार किया, जबकि थाना नानौता प्रभारी नवीन कुमार सैनी की टीम ने दिल्ली रोड से 10 जघन्य मुकदमों के आरोपी शातिर चोर युनूस को चोरी के मोबाइल और नकदी के साथ दबोचने में कामयाबी हासिल की। वहीं, थाना गंगोह प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गौकशी के मामले में फरार चल रहे अपराधी नूर मोहम्मद को बीनपुर गेट के पास से अवैध छुरे के साथ गिरफ्तार कर एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की। पुलिस की इस सक्रियता और ताबड़तोड़ कार्रवाई से जनपद के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के प्रयास जारी हैं।

## दिवा मे नगरसेवक शैलेश पाटील की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती उत्साह के साथ मनाई गई

चमकता राजस्थान

**अरविंद कोठारी/दिवा।** नगरसेवक शैलेश पाटिल द्वारा दिवा शहर छत्रपति शिवाजी महाराज जयति उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाई गई उस वक्त नगर सेवक शैलेश पाटिल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज... ये एक ऐसा नाम है जिसे महाराष्ट्र की गलियां-चौबारे से लेकर बच्चों की जुबां तक पर सुना जा सकता है. शिवाजी की कहानियों की गूंज दूर-दूर तक है. बेहद ही




कम उम्र में उन्होंने वो सफलता हासिल की जिस समय कोई ऐसा कुछ सोच भी न सकता है. हिंदवी साम्राज्य यानी मराठा साम्राज्य की स्थापना से लेकर मुगलों को हार का सामना करवाने के लिए इतिहास के पन्नों में छत्रपति शिवाजी का नाम दर्ज है. 19 फरवरी को हर साल उनके जन्मदिन के अवसर पर देश में छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई जाती है।

### ● शिवाजी महाराज के मुख्य योगदान

आज भी छत्रपति शिवाजी महाराज को उनके योगदान क लिए जाना जाता है. ऐसा कोई एक काम नहीं है बल्कि इतिहास के पन्नों में हजारों किस्से दर्ज हैं जो उनकी वीरता और युद्ध नीतियों को दर्शाता है. मराठा साम्राज्य की स्थापना करने के लिए शिवाजी महाराज को जाना जाता है. मराठा योद्धा से लड़ना क्रूर मुगलों के लिए एक चुनौती भरा काम हो गया था और जिस वजह से मुगलों को हिंदू राजाओं का सहारा भी लेना पड़ता था. शिवाजी ने बीजापुर की आदिलशाही से अपनी जागीर को आजादी दिलाने के बाद मजबूत मराठा राष्ट्र का निर्माण किया. 1645 में शिवाजी ने केवल 15 साल की उम्र में पहला किला, तोरणा किला जीता और वहां अपना झंडा लहराया था.इस वक्त समाजसेवक कैलाश भगत व शिवसेना के पदाधिकारी और जन समुदाय उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929